# किसानों के हितों के लिए कटिबद्ध है योगी सरकार – दिनेश प्रताप सिंह

## उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

संवाददाता।
लखनऊ । प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को अपने मंत्री आवास से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से विभागीय अधिकारियों के साथ औद्यानिक विकास योजनाओंध्कार्यक्रमों की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की।
बैठक में उद्यान मंत्री ने निर्देश दिए कि हाईटेक नर्सरी से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता पर किया जाय। जिन जनपदों में हाईटेक नर्सरी से संबंधित कोई समस्या हो, उसका त्वरित समाधान किया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत किस्म के बीज व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में हाईटेक नर्सरी की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए जिन जनपदों में हाईटेक नर्सरी स्थापित हो गयी है, उसका सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए संचालित योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग किया जाय। उन्होंने योजनाओं की धीमी प्रगति एवं आवंटित धनराशि का कम उपयोग करने वाले जिला उद्यान अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें कार्यों में सुधार की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार किसानों के हितों के लिए औद्यानिक फसलों व बागवानी की विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही है, इन योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुचाने का कार्य पूरी ईमानदारी और लगन से करे।
उद्यान मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान सर्वप्रथम जनपदों में स्थापित की जा रही हाईटेक नर्सरी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जनपदवार उद्यान अधिकारी से वार्ता की और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने हाईटेक नर्सरी के लिए अच्छा कार्य करे रहे अधिकारियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पर ड्रॉप मोर क्रॉप, माइक्रोइरीगेशन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए शून्य प्रगति करने वाली पंजीकृत निर्माता फर्मों को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। साथ ही इन्हें आवंटित ब्लॉक व जनपद को बेहतर कार्य करने वाली पंजीकृत निर्माता फर्मों को अतिरिक्त रूप से आवंटित करने के निर्देश दिए। एकीकृत बागवानी विकास मिशन की अद्यतन प्रगति, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, अनुसूचित जातिध्जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, फलपट्टी विकास योजना की अद्यतन प्रगति, प्रदेश में गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन को प्रोत्साहन योजना की अद्यतन प्रगति, कलमी पौध उत्पादध्वृहद वृक्षारोपण हेतु पौध उत्पादन की अद्यतन प्रगति तथा शाकभाजी एवं आलू बीज उत्पादन की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मंडल एवं जनपद स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक हफ्ते के अंदर अपने क्षेत्रों में योजनाओं की प्रगति को बढ़ाना सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी पंजीकृत संस्थाओंध्फर्मों से अनुबंध के अनुसार ससमय कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों के हित की योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी।

# सिंचाई विभाग के यांत्रिक संगठन द्वारा सिंचाई सुविधाओं को उन्नतशील बनाने हेतु नवाचारों को दिया जा रहा है बढ़ावा

संवाददाता।
लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन तथा जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में लगातार नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है. प्रदेश में स्थापित राजकीय नलकूपों एवं लघु डाल नहरों के संचालन एवं अनुश्रवण हेतु उन्नत एवं नवीन तकनीकों का अभिनव प्रयोग करके कृषकों को सिंचाई सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में आज यहां कैनाल कॉलोनी स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सिंचाई विभाग (यांत्रिक संगठन) द्वारा प्रदेश में स्थापित राजकीय नलकूपों एवं लघु डाल नहरों के संचालन एवं अनुश्रवण हेतु उन्नत एवं नवीन तकनीकों के अभिनव प्रयोग यथाद् जी.एस.एम. आधारित केन्द्रीयकृत कन्ट्रोल सिस्टम, सौर ऊर्जा संचालित राजकीय नलकूप, रिचार्ज वेल तथा सेल्फ प्राइमिंग पम्प स्थापित किए जाने के अभिनव प्रयोग के संबंध में प्रस्तुतिकरण किया गया।
जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग (यांत्रिक) द्वारा जनपद लखनऊ एवं बाराबंकी के 10 अदद् राजकीय नलकूपों पर जी.एस.एम. आधारित कन्ट्रोल पैनल स्थापित करके मुख्यालय पर केन्द्रीयकृत कन्ट्रोल सिस्टम द्वारा राजकीय नलकूपों के अनुश्रवण किये जाने का अभिनव प्रयोग किया गया है। भविष्य में फेज वाइस प्रदेश के लगभग 35000 राजकीय नलकूपों, 254 लघु डाल नहरों एवं 30 वृहद व मध्यम पम्प नहरों के सुगम संचालन एवं अनुश्रवण हेतु जी.एस.एम. आधारित केन्द्रीयकृत कन्ट्रोल सिस्टम स्थापित किया जायेगा।
जलशक्ति मंत्री ने बताया कि जनपद–लखनऊ के विकास खाण्ड–मोहनलालगंज, ग्राम–रामपुर गढ़ी जमुनी में राजकीय नलकूप संख्या–84 एम०एल०जी० को सौर ऊर्जा से संचालित किये जाने का अभिनव प्रयोग किया गया है, जिससे विद्युत ऊर्जा की बचत होने के साथ ही साथ लो–वोल्टेज अथवा विद्युत आपूर्ति बाधित होने की दशा में भी राजकीय नलकूपों का संचालन अनवरत किया जा सकता है। भविष्य में अन्य राजकीय नलकूपों को भी सौर ऊर्जा से संचालित किया जायेगा। स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित 254 लघु डाल नहरों के सुगम संचालन हेतु ट्रायल के तौर पर जनपद लखनऊ के अकड़रियाकला पम्प नहर पर सेल्फ प्राइमिंग पम्प स्थापित किये जाने का अभिनव प्रयोग किया गया है, जिससे मानव श्रम को बचाने के साथ ही साथ पम्प की आयु तथा क्षमता में भी वृद्धि होगी। भविष्य में अन्य लघु डाल नहरों पर भी सेल्फ प्राइमिंग पम्प स्थापित किये जायेगें। इसके साथ ही सिंचाई विभाग (यॉंत्रिक संगठन) के अधिकारियों द्वारा गुजरात भ्रमण के दौरान किये गये अध्ययन व भूगर्भ जल विभाग से विचार–विमर्श के आधार पर भू–गर्भ जल स्तर को सुधारने एवं वर्षा जल को भू–गर्भ जल स्तर तक पहुंचाने के दृष्टिगत फेलध्परित्याग हो चुके राजकीय नलकूपों का उपयोग किये जाने के उद्देश्य से जनपद हरदोई के विकास खण्ड–मधौगंज, ग्राम–मुनौरापुर में फेल राजकीय नलकूप को रिचार्ज वेल के रूप में विकसित किया गया है। भविष्य में अन्य फेलध परित्याग राजकीय नलकूपों को भी रिचार्ज वेल के रूप में विकसित किया जायेगा। इस अवसर पर जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ( ऑनलाइन), प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह, प्रमुख अभियंता (यांत्रिक) श्री ओपी पाठक, प्रमुख अभियन्ता (परियोजना) अखिलेश कुमार सचान के साथ सम्बंधित मुख्य अभियंता सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्नेह मिलन कार्यक्रम–मंत्री ए0के0 शर्मा की अनूठी पहल

## मऊ जिले के विकास के लिए जनता से मांगे सुझाव

संवाददाता।
लखनऊ । विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब उत्तर प्रदेश का प्रत्येक जिला विकसित होगा। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश का चहॅुमुखी विकास हो रहा है। विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्र का नये सिरे से विकास किया जा रहा है। इसी प्रकार मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा, प्रदेश के लिए आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा, प्रत्येक जिले की विशिष्टताओं पर प्रदेश सरकार का फोकस है। यह बात प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने मऊ जिले में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग ''स्नेह मिलन कार्यक्रम'' के दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में कही। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा ने मऊ जिले में प्रवास के दौरान कम्यूनिटी हाल परिसर में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल होकर प्रबुद्धजनों से जिले के विकास को लेकर चर्चा की। स्नेह मिलन कार्यक्रम में मऊ के कोने कोने से आये विद्वानजनों एवं बड़े बुजुर्गों से जिले के सर्वांगीण व चौतरफा विकास पर चर्चा कर मऊ को विकसित जिला बनाने के लिए सबका सुझाव और मार्गदर्शन लिया। चर्चा के दौरान मऊ की वाणिज्यिक, शैक्षणिक, यातायात, रेलवे, बिजली, सड़क समेत सभी विकास कार्यों पर लोगों ने अपने सुझाव मंत्री जी के समक्ष रखे। जिनको सुनने के बाद मंत्री ने प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन एवं सुझावों के लिए धन्यवाद देते हुए उनके द्वारा बताए गए कार्यों पर विचार कर पूरा करने का हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।
कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ''स्नेह मिलन कार्यक्रम'' किसी प्रकार की राजनीति से प्रेरित नहीं है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण, देश की उन्नति के लिए रखा गया है। इस प्रकार का प्रदेश में यह पहला कार्यक्रम है, इसलिए आज यह परिचयात्मक ही है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ जिले के विकास पर सुझाव के लिए आयोजित किया गया है। सुझावों के क्रम में मुख्यतः मऊ का इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट की बात कही गई। बताया गया कि मऊ के कामगारों में बहुत हुनर है, जो दूसरे राज्यों या अन्य देशों में जाकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने में अपना योगदान दे रहे हैं। यदि यह मौका उन्हें यहीं दे दिया जाए तो मऊ की उन्नति में चार चॉद लगाने में यह सभी लोग सहायक होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में भी यहां बहुत काम करना बाकी है। बताया गया की मऊ जिला उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी बहुत पिछड़ा हुआ है। मऊ में कॉमर्स और विज्ञान में उच्च शिक्षा की पूर्ण व्यवस्था है। मऊ जिले में वर्तमान में 04 एडेड कॉलेज, 02 गवर्नमेंट और 150 सेल्फ फाइनेंस कॉलेज हैं। लेकिन जो बात एडेड और राजकीय कॉलेज में है वो किसी अन्य कॉलेज में नहीं है। मऊ जिले में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज की बहुत आवश्यकता है। वहीं रानीपुर में पीजी कॉलेज है, उसमें यूनिवर्सिटी बनाने का कार्य भी आपके माध्यम से किया जा सकता है। साथ ही एक प्रबुद्धजन ने जिले में छात्रों के रहने के लिए छात्रावास बनाए जाने, यहॉ के नवयुवक खेल के क्षेत्र में भी अच्छा प्रदर्शन कर सके, इसके लिए सुविधा सम्पन्न एक अच्छा खेल स्टेडियम भी बनवाने का आग्रह मंत्री से किया। प्रबुद्धजनों ने मऊ जिले में कोल्डस्टोरेज की समस्या से भी अवगत कराते हुए कहा कि सिमरी और कढ़ियांव के कोल्ड स्टोरेज जो बंद पड़े हैं उसको पुनः चालू कराकर किसानों को मदद पहुंचायी जा सकती। कार्यक्रम में गोकुलपुरा में 06 लेन और बढुआ से काझा रोड निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने का भी आग्रह किया गया। शहीद मार्ग रोड पर इंदारा में पुल का निर्माण करा दिया जाए तो राहगीरों को बहुत सुविधा हो जाएगी। वहीं हनुमान घर पर एक पुल निर्माण की आवश्यकता है, जिससे उस क्षेत्र का भी विकास हो जाएगा।
प्रबुद्धजनों ने कहा कि अयोध्याधाम में आपने अपने दोनों विभागों से बहुत कार्य कराया है, जिससे अयोध्याधाम की पूरी रूप रेखा बदल गया है, इसके लिए आपको बहुत बहुत बधाई। वहीं गायघाट पर एक पौराणिक मंदिर पर जिसपर आपके द्वारा कार्य कराया जा रहा है, वो भी बहुत सराहनीय है। हमारे मऊ क्षेत्र में भी श्री राम जी का एक पौराणिक मंदिर है, राम घाट के आगे संगत घाट, उसका भी विकास आपसे अपेक्षित है।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की

## स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं पर ध्याकन केन्द्रित

## माल लदान और आय में वृद्धि पर बल

## समयपालनबद्धता पर बल



उत्तसर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यतक्षों तथा मंडल रेल प्रबंधकों के साथ आज प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तार रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की । बैठक में अन्यल विषयों के साथ–साथ प्लेनटफॉर्मों का विस्तापर, प्लेकटफॉर्मों की सतह का ऊँचा करने, वाशेबल एप्रन, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट–ओवर–ब्रिजो, एस्केलेटरों, लिफ्टों, पंखों, पेयजल, लाइटिंग, यात्री उदघोषणा प्रणाली, दिव्यां।गजनों के लिए शौचालय, मुख्या द्वार सहित र्स्टेशिन भवन का सुधार जैसी यात्री सुविधाध् स्टोशनों पर उपलब्धज कराने जैसे विषयों पर चर्चा की गयी । उन्हों ने गतिशीलता वृद्धि तथा अन्य विकासात्मपक ढॉचागत कार्यों तथा माल लदान की प्रगति की भी समीक्षा की । उन्हों्ने रेलगाडिघ्यों की समयपालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड के बनाए रखने और गतिशीलता वृद्धि से जुडे कार्यों की प्रगति जॉचने के लिए चलाए गए अभियानों में तेजी लाने के निर्देश दिए । उन्हों ने जोन पर रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने और रेल पथों के निकट पडे स्क्रै प को हटाने के कार्य की समीक्षा भी की । श्री चौधुरी ने रेल परिचालन में मानवीय असफलताओं को कम करने तथा रेल दरारों और रेल वैल्डोंड की गहन निगरानी करने पर बल दिया । उन्होंाने कहा कि इन कामों में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए । महाप्रबंधक ने रेलपथों के किनारों पर उग आई वनस्पेतियों को हटाने और पेड़ों की छँटाई करने के कार्यों का जायजा लिया । फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों के साथ परस्पंर सम्प र्क बनाए रखना चाहिए । उन्होंमने निर्देश दिए कि बीडीयू को ग्राहकों के बीच भरोसे, सहयोग और आत्मुविश्वाास का माहौल बनाए रखना चाहिए । उन्हों ने रेलवे द्वारा दी जा रही रियायतों और उपायों को ग्राहकों तक पहुँचाने के भी निर्देश दिए । उन्होंने यह भी बताया कि हर गुजरते माह के साथ खाद्यान्नय और अन्यर मदों के लदान में वृद्धि हुई है ।उत्तातर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है । (दीपक कुमार) मुख्यब जनसम्प र्क अधिकारी

# परीक्षा पे चर्चा–2024 कार्यक्रम हेतु विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अभिभावकों का किया गया आनलाईन रजिस्ट्रेशन

## उत्तर प्रदेश में 35 लाख विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन के लक्ष्य के सापेक्ष कुल 42 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन

संवाददाता।
लखनऊ । परीक्षा पे चर्चा–2024 हेतु विद्यार्थियोंध्शिक्षकों एवं अभिभावकों का आनलाईन रजिस्ट्रेशन दिनांक 12 दिसम्बर, 2023 से दिनांक 12 जनवरी, 2024 के मध्य किया गया। उत्तर प्रदेश को 35 लाख विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसके सापेक्ष उत्तर प्रदेश से कुल 42 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन किया गया। यह देश में अन्य राज्यों से सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन है।
परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विभिन्न विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा भारत मण्डपम, नई दिल्ली में प्रतिभाग किया गया। इसमें हर्ष चौधरी कक्षा–9 सनातन धर्म इण्टर कालेज मुजफ्फरनगर, श्री हरि ओम कक्षा–11 सनातन धर्म इण्टर कालेज मुजफ्फरनगर, कुनाल कोरी कक्षा–11 सर्वोदय इण्टर कालेज पिलखुआ हापुड़, डा0 विकास कुमार शिक्षक सनातन धर्म इण्टर कालेज मुजफ्फरनगर के अतिरिक्त जनपद–गौतमबुद्ध नगर तथा जनपद–गाजियाबाद के 50–50 विद्यार्थियों द्वारा नई दिल्ली जाकर भारत मण्डपम् में आयोजित परीक्षा पे चर्चा–2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम को मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा संबोधित किया गया और प्रतिभागी छात्रध्छात्राओं से परीक्षा पे चर्चा की गयी। प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी द्वारा बी0एम0जी0 इण्टर कालेज चन्दौसी, जनपद–सम्भल से इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में विद्यार्थियोंध्शिक्षकों तथा अभिभावकों के साथ प्रतिभाग किया गया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज, गोमती नगर लखनऊ में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में बालिकाओं के साथ माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग, श्री आलोक कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज, गोमती नगर लखनऊ में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के अवलोकन के लिए 04 स्थानों पर व्यवस्था की गयी। इस कार्यक्रम का सीधे प्रसारण का विद्यालय में अध्ययनरत 500 से अधिक छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# अब तक लगभग 75 हजार ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

संवाददाता।
लखनऊ । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या–गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और इन ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।
उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे, लेकिन जिन ग्रामों में ग्राम चौपाल हो चुकी हैं, उनसे इतर दूसरे मजरों में ग्राम चौपाल अनवरत रूप से की जांय। उप मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि मोदी ऐप डाउनलोड करने के लिए ग्राम विकास से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों व लाभार्थियों को प्रेरित किया जाए, इस ऐप में गरीब कल्याण की विभिन्न योजनाओं का विवरण रहता है और उससे लाभकारी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मोदी ऐप डाउनलोड करने की ड्राइव चलाई जाय। चौपालों में भी इसके बारे में चर्चा की जाए और लोगों को प्रेरित किया जाए।
ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जनवरी 23 से अब तक लगभग 75 हजार ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 56 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 3 लाख 28 हजार से अधिक समस्याओंध्प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

संवाददाता।
लखनऊ । उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने–7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक–एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार–बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू–ब–रू होकर सुना। जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से जिलों से आये कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

## केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने वर्चुअली किया उदघाटन

संवाददाता।
लखनऊ । आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का लखनऊ में वर्चुअली उदघाटन करते हुए केंद्रीय विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार), संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री,भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि आईटीएटी सभी ट्रिब्यूनल की मदर ट्रिब्यूनल है। जिस तरह से अधिकरण लोगों के विवादों का निस्तारण करता है यह इज ऑफ लिविंग का सबसे बड़ा उदाहरण है।उन्होंने कहा कि विवाद से विश्वास स्कीम 2020 के अंतर्गत करदाताओं के विवादित करों की राशि का भुगतान से संबंधित मामलों का आईटीएटी ने अच्छे से निपटारा किया। मेघवाल ने कहा कि कोविड के दौरान आईटीएटी ने ई–हिअरिंग, फेसलेसअसेसमेंट से लोगों के जीवन को आसान बनाया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जापान और जर्मनी को पीछे करके भारत शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस सी. वी. भडंग ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर, बैंगलोर और कटक के बाद आयकर अपीलीय अधिकरण को चौथा भवन लखनऊ में मिला है।

# बुंदेलखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं है बुंदेलखंड महोत्सव से क्षेत्र में पर्यटन के साथ रोजगार भी बढ़ेगा–जयवीर सिंह

## बुन्देलखण्ड की बैभवशाली विरासत से आगन्तुकों को परिचय करायेगा बुन्देलखण्ड महोत्सव

संवाददाता। लखनऊ । ललितपुर में चल रहे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के आखिरी दिन दर्शकों के लिए रोमांचक अनुभव लेकर आया। यहां लोगों को बुंदेखंड की कला और विरासत के बारे में जानने का मौका मिला। इसके साथ ही तीसरा चरण जालौन में 1 से 2 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 16 दिवसीय बुंदेलखंड महोत्सव द्वारा क्षेत्र की सांस्कृतिक और एतिहासिक कला और विरासत को विश्व पटल पर प्रदर्शित कर रहा है। यह जानकारी आज यहॉ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि ललितपुर महोत्सव के अखिरी दिन ललितपुर में लोगों ने साहसिक खेलों का आनंद लेने के साथ मथुरा के प्रवीण कुमार द्वारा प्रस्तुत मयूर रास, अयोध्या के लोकप्रिय कलाकार माता प्रसाद के फरवाही लोकनृत्य और ड्रीम नोट बैंड की संगीतमय प्रस्तुति का आनंद लिया। पर्यटन मंत्री ने बताया कि 23 जनवरी से 18 फरवरी के बीच बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन बुंदेलखंड के 7 जिलों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट और बांदा में किया जा रहा है। महोत्सव में पर्यटकों को हैरिटेज वॉक, हॉट एयर बैलून, वॉटर स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय व प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखने व सुनने का मौका मिल रहा है। जयवीर सिंह ने कहा कि यहॉं देवगढ़ में अलग–अलग स्थानों पर हॉट एयर बलून, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रीन फायर क्रैकर्स शो, लेजर शो, वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां और हेरिटेज वॉक सहित कई कार्यक्रम से लोगों को बुंदेलखंड के एतिहासिक व दर्शनीय स्थलों के साथ यहॉं के खान–पान और लोक संगीत से रूबरू हो रहे हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि महोत्सव में हर दिन आगंतुकों यहां की समृद्ध विरासत समेटे हुए शहर को हॉट एयर बैलून द्वारा ऊंचाई से देखने का अनूठा अवसर मिला रहा है साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रशिक्षित योग गुरुओं की देख रेख में योगासन सीखने का मौका भी मिल रहा है। वहीं हेरिटेज वॉक में ललितपुर में पर्यटकों ने देवगढ़ के दशावतार मंदिर की एतिहासिक विरासत के बारे में जाना। जयवीर सिंह ने बताया कि मनोरंजन और रोमांच का अद्भुत उत्सव बुंदेलखंड महोत्सवललितपुर महोत्सव में दोंनो दिन सुबह हॉट एयर बलूनिंग और योग के बाद दिन में हेरिटेज वॉक और बेतवा नदी के सुमेरा लेक में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी का आयोजन हुआ। वहीं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में 29 जनवरी को देवगढ़ के तुवन मंदिर ग्राउंड में मथुरा के प्रसिद्ध मयूर रास, अयोध्या के फरवाही नृत्य व ड्रीम नोट म्यूजिक बैंड ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांधा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव से क्षेत्र के पर्यटन के साथ–साथ यहॉं के लोगों को रोजगार भी मिलेगा। बुंदेलखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

## डा. जगदीश गाँधी की 'स्मृति प्रार्थना सभा' सी.एम.एस. में 4 फरवरी को

लखनऊ, 30 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् स्वर्गीय डा. जगदीश गाँधी की 'स्मृति प्रार्थना सभा' का विशाल आयोजन आगामी 4 फरवरी 2024, रविवार को प्रातः 11 बजे से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। विश्व एकता एवं विश्व शान्ति के पुरोधा एवं भावी पीढ़ी के प्रणेता डा. जगदीश गाँधी के व्यक्तित्व व कृतित्व को इस अवसर पर याद किया जायेगा।



विगत 22 जनवरी को प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डा. जगदीश गाँधी का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया, जिन्हें राजकीय सम्मान के साथ समाधि प्रदान की गई तथापि लखनऊ समेत देश–विदेश के प्रबुद्ध वर्ग ने डा. जगदीश गाँधी को श्रद्धान्जलि अर्पित की। आपका पूरा जीवन विश्व के दो अरब से अधिक बच्चों के उज्जवल भविष्य को समर्पित रहा। इसी उद्देश्य हेतु डा. जगदीश गाँधी ने विश्व एकता व विश्व शान्ति की स्थापना हेतु आजीवन अनवरत प्रयास किये एवं इस दिशा में अनेकों मील के पत्थर स्थापित किये।

डा. जगदीश गाँधी की स्मृति में आयोजित इस वृहद प्रार्थना सभा में देश–विदेश की प्रख्यात हस्तियां बड़ी संख्या में अपनी उपस्थित दर्ज करायेंगे, जिनमें पक्ष–विपक्ष के जन–प्रतिनिधिा, मंत्रीगण, प्रख्यात साहित्यकार, पत्रकार, शिक्षाविद्, समाजसेवी, न्यायमूर्ति, अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, सैन्य अधिकारी व अनेक गणमान्य नागरिक आदि शामिल हैं। इस अवसर पर प्रबुद्ध जनमानस डा. जगदीश गाँधी को श्रद्धान्जलि अर्पित करने के साथ ही उनकी जीवन यात्रा से अवगत हो सकेंगे। इसके अलावा, डा. जगदीश गाँधी के मार्गदर्शन में शिक्षा जगत में नवनिर्माण की अनूठी क्रान्ति, सामाजिक उत्थान में उनके योगदान, भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में रचनात्मक भूमिका एवं विश्व एकता, विश्व शान्ति व विश्व के ढाई अरब बच्चों के सुरक्षित भविष्य की मुहिम को समझ पायेंगे एवं इससे प्रेरणा लेकर समाज के नवनिर्माण के अपना योगदान देंगे। सी.एम.एस. परिवार ने लखनऊ के प्रबुद्ध जनमानस से मार्मिक अपील की है कि आगामी 4 फरवरी को भारी संख्या में सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में पधारकर डा. जगदीश गाँधी के अतुलनीय व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करें, साथ ही अपने बच्चों को भी उन्हीं के पदचिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित करें।

# राष्ट्रीय के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान मजबूत करने में सफल हो रहा है बुंदेलखंड विश्वविद्यालय

प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता झाँसी । बुंदेलखंड विश्वविद्यालय राष्ट्रीय के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी



पहचान मजबूत करने में सफल हो रहा है। हाल ही में उच्च शिक्षा के राष्ट्रीय मानक नेक ए प्लस और एनआईआरएफ रैंकिंग में स्थान बनाने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय क्यु एस रैंकिंग में भी शामिल हो गया है।प्रो. मुकेश पाण्डेय कुलपति, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि श्क्यूएस वर्ल्ड रैकिंग में प्रविष्ट होने से बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे छात्र मिलेंगे। विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ने से अकैडमिक स्तर पर और सुधार होगा। देश के साथ दुनिया के बड़े–बड़े विश्वविद्यालयों से समझौते होंगे, जिससे छात्रों को लाभ मिलेगा। साथ ही फैकल्टि व स्टूडेण्ट एक्सचेंज के अवसर भी प्राप्त होंगे।अन्तर्राष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी ने कई मानकों को परखने के बाद वर्ल्ड रैंकिंग में प्रविष्टि दे दी है। अब क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग की सूची में दुनिया के कई बड़े विश्वविद्यालयों के साथ बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय प्रदर्शित हो रहा है। लगभग एक वर्ष की प्रक्रिया के बाद वर्ल्ड रैंक मिल जाएगी।प्रो. सुनील काबिया, निदेशक एआइक्यूएसी ने बताया की बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन के बाद एनआइआरएफतथा क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में शामिल हो गया है। इससे अब दुनिया के बड़े विश्वविद्यालयों की सूची में जुड़ गया है। इससे विदेशी छात्र प्रवेश लेनेके लिए विश्वविद्यालय के अकैडमिक स्तर की जानकारी कर सकेंगे। साथ ही दुनिया के बड़े विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के साथ शोध पब्लिकेशन करने में भी मदद मिलेगी। बीते रोज क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग एजेंसी ने बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय को प्रवेश दे दिया है। अब जब दुनिया भर के विद्यार्थी उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए अच्छे विश्वविद्यालयों को सर्च करेंगे, तो उस सूची में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय भी दिखायी देगा। इससे दूसरे देशों के विद्यार्थियों के प्रवेश बढ़ने के साथ टॉप यूनिवर्सिटि के साथ अन्तर्राष्ट्रीय समझौते, फैकल्टि व स्टूडेण्ट एक्सचेंज भी बढ़ेगा। विश्वविद्यालय के शोधार्थी शिक्षकों को अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के साथ शोध व अनुसन्धान को पब्लिकेशन करने का रास्ता और भी आसान होगा। इससे नयी शिक्षा नीति की ड्यूल डिग्री (एक देशी और एक विदेशी) लेने में छात्र– छात्राओं को मदद मिलेगी, तो भारत सरकार की कई योजनाएं दूसरे देशों के साथ चलती हैं, जिसमें अब बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय भी शामिल हो सकता है। इस अवसर पर प्रो.एस.के. काबिया, प्रो. एस.के.कटियार, प्रो. बी. के. सिंह डॉ. यशोधरा शर्मा, डॉ. लव कुश द्विवेदी ,डॉ.अनुपम व्यास, डॉ.अतुल खरे ,अनिल बोहेरे डॉ. सुनील त्रिवेदी, , डॉ.आशीष वर्मा ,इंजी. साबिर अली, हेमंत चंद्रा, हितिका यादव आदि

### ऐसे तय होती है क्यु एस रैंकिंग

स्कूली शिक्षा पास करने के बाद कॉलिज तथा यूनिवर्सिटि में प्रवेश लेने का फैसला आसान नहीं होता है। अच्छे विश्वविद्यालय की तलाश में कई मानकों पर अपनी खोज करते हैं। क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग छात्र–छात्राओंको इस सर्च में मदद करता है। वर्ष 1990 में ब्रिटिश एजेंसी की स्थापना की थी, जो आज प्रतिष्ठित एजेंसी में दुनिया के सामने आयी है। क्यूएस वर्ल्ड रैकिंग देने के लिए किसी भी विश्वविद्यालय को प्रवेश देने के बादलगभग एक वर्ष के आकलन के बाद रैंक प्रदान की जाती है। क्यूएस प्रत्येक वर्ष टॉप यूनिवर्सिटि की सूचीजारी करता है। इसके लिए विश्वविद्यालयों को अलग–अलग पैरामीटर पर परखा जाता है। इसके बाद एजेंसी क्यूएस वर्ल्ड रैंक, एशिया रैंक, सस्टेनेबिल बैंक के साथ विषयवार भी रैंक दी जाती है। किसी भी विवि की क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग को ु. बवउ पर देखा जा सकता है।

### ऐसे मिलती है क्यु एस रैंकिंग

क्यूएस (क्वाक्वेरेली साइमण्ड्स) वर्ल्ड रैंकिंग व टाइम रैंकिंग में प्रवेश पाना दुनिया के शैक्षणिक संस्थान व यूनिवर्सिटि के लिए प्रतिष्ठा की बात होती है। क्यूएस रैंकिंग अपने मानकों पर खरा उतरने पर ही किसी विश्वविद्यालय को प्रवेश देती है। इसके बाद लगभग एक वर्ष की प्रक्रिया के बाद रैंक प्रदान करती है। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय ने इस प्रतिष्ठित एजेंसी में प्रवेश पाकर पहला कदम उठा दिया है। इसके लिए लगभग 6 माह पहले क्यूएस रैंकिंग मेंपंजीकरण मिला था। इसके बाद एजेंसी ने डेटा अपलोड करने की अनुमति दी। इस डेटा को स्वीकार कर एजेंसी ने दुनिया के तमाम देशों के विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल कर दिया है। क्यूएस रैंकिंग में प्रमुख मानक अकैडमिक रेपुटेशन होता है, जिसके लिए एजेंसी दुनिया भर के शिक्षकों व छात्रों से इनपुट लेती है। साथ ही फैकल्टि, शिक्षक व छात्र अनुपात, इम्प्लॉईज रेपुटेशन, इण्टरनैशनल पौयर परसेप्शन, सस्टेनबेलिटि डिवेलपमेण्ट, साइटेशन (शोध व पब्लिकेशन) आदि मानकों पर विश्वविद्यालयों को परखा जाता है। इस रैकिंग में 144 देशों के विश्वविद्यालय शामिल हैं।और टॉप यूनिवर्सिटि की सूची में प्रदर्शित हो रहा है।

## जिन आठ सांसदों ने बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के साथ धोखा किया हैं उन्हें बुंदेली माफ नहीं करेंगे

झांसी ! हर माह दिए जाने बाले ज्ञापन के क्रम मैं प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से भेंट करने के उपरांत 3 साल के भीतर राज्य बनवा देने का वादा करके, बादे से मुकरने बाली सरकार के 8 सांसदों के पुतले फूंके महोबा हमीरपुर तिंदवारी के भाजपा सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को छोड़ कर आठ अन्य सांसद क्रमशः भानू वर्मा, अनुराग शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा, वीरेंद्र खटीक, प्रहलाद पटेल, राज बहादुर सिंह, आर के पटेल एवं श्रीमती संध्या राय ने बुंदेलखंड राज्य निर्माण के साथ छलावा किया हैं उन्हें बुंदेलखंड के लोग माफ नहीं करेंगे चुनाव दर चुनाव बुंदेलखंड के जनप्रतिनिधियों द्वारा बूंदेलियो की भावनाओं से खिलवाड़ किया गया हैं। चुनाव के समय ये सच्चे बूंदेली का मुखौटा लगाकर बुन्देलखण्ड के हितैषी दिखाई देते हैं, पर चुनाव के बाद इनका बुन्देलखण्ड विरोधी, असली चेहरा सामने



आता है जो राज्य निर्माण का विरोधी हो जाता है कार्यकाल पूरा होने तक इन आठों ने लोकसभा के भीतर एक बार भी राज्य निर्माण की मांग नहीं उठाई बुन्देलखण्ड के महोबा हमीरपुर से चुने गए भाजपा के सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने बुन्देलखण्ड की मांग जब संसद में जोरदार तरीके से उठा रहे थे तो इन आठों सांसदों में से किसी ने भी मेज थपथपा कर समर्थन करने का भी प्रयास नहीं किया, इससे इन्होंने अपना बुन्देलखण्ड विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा ने इन आठों सांसदों का (अगर इनका टिकट नहीं बदला जाता है तो इनका) चुनाव में सीधा विरोधा करने का निर्णय लिया हैं जिसके तहत इच्छा हैं राजाराम सरकार की बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण की, बुंदेलखंड तो लेंगे लेंगे, जैसे दोगे वैसे लेंगे एवं राज्य निर्माण का विरोध नहीं सहेंगे नहीं सकेंगे के जोरदार नारे लगाते हुए इन आठों सांसदों के मुखौटे लगाकर पुतला फूंका गया पुतला फूंके जाते समय भानू सहाय, एडवोकेट अशोक सक्सैना, रघुराज शर्मा, वरूण अग्रवाल, हमीदा अंजुम, जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप, हनीफ खान, प्रदीप नाथ झा, कुंअर बहादुर आदिम, अनुराग मिश्रा, गोलू ठाकुर, नरेश वर्मा, प्रदीप गुर्जर, प्रभूदयाल कुशवाहा, राम गुप्ता, सईदा बेगम, विनोद पुरी शेरू आदि उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक मूल्यों से न पिछड़े समाज, सामाजिक कार्यों में बढ़ायें सहभागिता- डॉ० संदीप

झाँसी। गहोई समाज नौगाँव द्वारा गहोई दिवस के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें घोड़ा, बग्घी, बैण्ड, डीजे के साथ मथुरा से आये हुए कलाकारों एवं बच्चों द्वारा आकर्षित विभिन्न स्वारूपों के द्वारा झांकियां सजाई गयीं एवं नगर के विभिन्न मार्गों से



होते हुए सजातीय बन्धुओं एवं महिलाओं व बच्चों ने रामराजा पैलेस में कार्यकम किया। कार्यकम के अन्तर्गत मंचासीन में मुख्य अतिथि संदीप सरावगी, सपना सरावगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेन्द्र कुचया, सपना कुचया, एवं अभय, शिवम, कारखमऊ रहे एवं छतरपुर गहोई समाज के अध्यक्ष प्रेम रूसिया एवं एस०डी० कुचया महामंत्री किशन सेठ मंच पर रहे। अध्यक्षता राजा रावत नगर गहोई बरिष्ठ अध्यक्ष अरविन्द्र रावत, संजू मोर, महासभा से एवं विंध्य क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक बृजपुरिया, महिला मण्डल उपाध्यक्ष शोभना वहरे, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रामगोपाल मोर, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष मनीष वहरे एवं वरूण कस्तवार, दर्पण वैश्य समाचार पत्र के रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राहुल रूसिया एवं कार्यक्रम संयोजक कृष्णा नौरईया कार्यकम किया गया। दिलीप नगरिया, भोले रेजा, रामजी नौगरैया, महेश नगरिया, आशुतोष नगरिया, मोनू नौगरैया, हर्ष सोनी, धीरज नौगरैया द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल मातेले, डॉ. महेश पहारिया, दिनेश मतेले, नीलू–सरिता रावत, रश्मि रावत, रीता मातेले, सुमन मातेले, धीरेन्द्र रेजा, अरविन्द्र तिपरसानियां, रामाधार नीखरा, संदीप मातेले, मनीष मोर, मनोज मोर, मृदुल नौगरैया, सकूमोर, राजू कुचया कार्यकम के अन्तर्गत सोनाली गुप्ता डी०एस०पी०, कमलेश गेड़ा पटवारी नौगाँव, अभिषेक बृजपुरिया को मोमेन्टो अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों को मोमेन्टो द्वारा सम्मानित किया गया। संजय मोर को गहोई रत्न से नवाजा गया। कार्यकम में सभी गणमान्य सदस्यों एवं महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतुल वेहरे का सराहनीय कार्य किया गया। सभी अतिथियों का मोमेन्टों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी ने कहा गहोई वैश्य समाज विभिन्न व्यवसाय में लिप्त है एवं व्यापार के माध्यम से देश को आर्थिक मजबूती प्रदान कर रहा है लंबे समय से यह समाज देश हित में कार्य करता आया है। व्यापारी वर्ग ने विपत्ति के समय लोगों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं चाहे वह कोरोना काल हो या किसी व्यक्ति विशेष पर कोई समस्या आन पड़ी हो, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी व्यापारी वर्ग आर्थिक सहयोग करता आया है। आज के आपाधापी भरे समय में हर व्यक्ति का जीवन संघर्ष पूर्ण है परंतु हमें समाज के लिए भी कुछ समय निकालना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि जो समाज अपने सांस्कृतिक मूल्यों से भटक जाता है उसे विखंडित होने में समय नहीं लगता। कार्यकम में अरविन्द रावत द्वारा अभार व्यक्त कर समापन किया गया

## पूजा अर्चना न करने देने के विरोध में एसडीएम कार्यालय में धरना

झांसी। एक और जहां पूरा देश अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजनों में डूबा हुआ था। वही पुरातत्व विभाग द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना न करने देने और तभी से मंदिर में श्रद्धालुओं का आवागमन बंद कर देने तथा सरकारी जमीनों पर अवैधा कब्जा किए भू माफियाओं पर कार्यवाही न होने से अक्रोशित राष्ट्रभक्त संगठन ने एसडीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। मंगलवार को राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता नई तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां सभी लोगों ने धरना प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा की खंडेराव गेट स्थित दुर्ग परिसर में बने हनुमान मंदिर



पर पुरातत्व विभाग द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन पर रोक लगा दी है। पूजा अर्चना नही करने दी जा रही। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मंदिर पर सैंकड़ों दीप प्रवज्जलित होने थे जो पुरातत्व विभाग ने नही होने दिए। उनका कहना है की योगी सरकार में सनातन धर्म के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नही किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मांग करते हुए कहा की सरकारी जमीनों तथा पीड़ितों की जमीनों पर भू माफिया अवैध रूप से कब्जा किए हुए है। जिन्हे कब्जा मुक्त नही कराया जा रहा है। उन्होंने धरना प्रदर्शन कर चेतावनी देते हुए

कहा की अगर उनकी मांग का जल्द से जल्द निस्तारण नहीं हुआ तो वह जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान गणेश कुशवाह, अर्पित शर्मा, राहुल वर्मा, प्रियांशु, मनीष, शिवम, सौरभ परिहार, अभिषेक, अतुल, प्रतीक, रंगबाज, अंशु, एमपी सिंह पटेल, गोविंद शर्मा, दिनेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

झांसी! आज जनपद जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कारागार में निरूद्ध महिला कैदियों से बात एवं उनका हालचाल पूछते हुए जिलाधिकारी ने आने वाले सर्दी के मौसम से बचाव हेतु की गई व्यवस्था को देखा और उनसे स्वास्थ्य के बारे में पूछा तथा बीमार होने पर डॉक्टर द्वारा ईलाज मिलने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरूद्ध महिला बंदियों द्वारा जिलाधिकारी को बताया कि बीमार होने पर डॉक्टर द्वारा उनका ईलाज किया जाता है। इस अवसर महिला बंदियों के बच्चों को गुब्बारे, चॉकलेट एवं स्नैक्स



के साथ ही खिलौने वितरित किए और उनके साथ प्यार दुलार किया जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान कारागार की पाकशाला में बनी सब्जी एवं दाल को देखा एवं उसकी गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। इसके उपरान्त उन्होंने कारागार में बने अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से उनके ईलाज के संबंध में जानकारी ली एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीज को ठंड से बचने हेतु कंबल वितरण किए जाने का सुझाव दिया।

## नागारिक सुरक्षा कोर के चयनित प्रशिक्षकों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

झाँसी! जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार व राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण लखनऊ के सहयोग से जनपद के विभिन्न स्थलों यथा–गांधी सभागार कलेक्ट्रेट, खण्ड विकास सभागारों एवं तहसील सभागारों में भारत सरकारध्राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित विभिन्न आपदाओं से बचाव हेतु जनपद के 496 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी, लेखपाल एवं कानूनगों तथा पंचायत सहायक एवं जनपद के समस्त स्कूलों ध् डिग्री कालेज के एक–एक अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। जनपद में समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी, लेखपाल एवं कानूनगों तथा पंचायत सहायक एवं जनपद के समस्त स्कूलोंध्डिग्री कालेज के एक–एक अध्यापकों, कुल 3180 लोगों को प्रशिक्षित किया जाना था जिसके सापेक्ष 2872 उपरोक्त प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण अपनी सराहनीय सहभागिता निभाई। जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं वरूण कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि. ध्रा.) द्वारा आज नागरिक सुरक्षा, झांसी के इस प्रशिक्षण हेतु चयनित



10 मास्टर प्रशिक्षकों जिनके द्वारा दिनांक–18 जनवरी. 2024 से 24 जनवरी.2024 प्रशिक्षण प्रदान किया गया उन्हें मोमेंटों व प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही इस प्रशिक्षण के विभागवार जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक झांसी, जिला पंचायतराज अधिकारी झांसी व डा० उत्सवराज, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट, झांसी को मोमेंटों व प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में बेहतर समन्वय व कुशल नेतृत्व हेतु कृष्ण कुमार, आपदा विशेषज्ञ, झांसी व प्रशिक्षण के बेहतर प्रबन्धन हेतु राम किशोर रायकवार, आपदा लिपिक, कलेक्ट्रेट, झांसी को भी मोमेंटों व प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नागरिक सुरक्षा, से सम्मानित किये जाने वाले प्रशिक्षक आनंद कुमार सक्सेना, भूपेन्द्र पाल खत्री, डा० पवन कुमार कौशिक, संजय वर्मा, संजीव कुमार साहू, मो० फैजान, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, कालका प्रसाद एवं डी.आर.पी. ध् मास्टर प्रशिक्षक आपदा प्रबन्धन राज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत पर 02 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

झांसी! जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो। मिनट का मौन धारण कर सभी के प्रति। श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में मौन धारण के अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट श्री उत्कर्ष द्विवेदी,अपर जिला अधिकारी प्रशासन श्री ए के सिंह, अपर जिला अधिकारी न्याय श्रीमती श्याम लता आनंद,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री वरुण कुमार पांडेय, अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे श्री एके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्री विधेश कुमार सहित वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला अभिविहीत अधिकारी, सहायक कोषाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कलेक्ट्रेट कर्मचारी एवं कोषागार के कर्मचारी मौजूद रहे इसी क्रम में विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी श्री सुनील कुमार द्वारा एवं जिला सूचना कार्यालय में व अन्य शासकीय कार्यालयों पर मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई गई ।



# विवादित दक्षिण चीन सागर को लेकर समझौता किया



दक्षिण चीन महासागर नौवहन के लिए सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक है। इसको लेकर फिलीपीन और वियतनाम सहित कई देशों का चीन के साथ समुद्री विवाद जारी है। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता का दावा करता है। हनोई। विवादित दक्षिण चीन सागर में टकराव को रोकने के लिए फिलीपीन और वियतनाम के बीच मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। यह समझौता फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनांडो मार्कोस जूनियर की हनोई यात्रा के दौरान हुआ। दक्षिण चीन महासागर नौवहन के लिए सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक है। इसको लेकर फिलीपीन और वियतनाम सहित कई देशों का चीन के साथ समुद्री विवाद जारी है। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता का दावा करता है। इतना ही नहीं, चीन और फिलीपीन के जहाजों के बीच पिछले एक साल से विवादित जल क्षेत्र में टकराव देखने को मिल रहा है, जिससे तनाव के व्यापक होने की आशंका भी बढ़ गई हैं। फिलीपीन सरकार ने एक बयान में कहा कि वह और वियतनाम समुद्री मुद्दों पर समन्वय को बढ़ाने और विश्वास तथा भरोसे के साथ काम करने के लिए मंगलवार को सहमत हो गये हैं। उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी कि समझौते के तहत वे क्या–क्या कदम उठायेंगे। मार्कोस ने अपने वियतनामी समकक्ष वो वान थुओंग के साथ बैठक के दौरान दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के क्षेत्रीय समूह का जिक्र करते हुए कहा, ''वियतनाम आसियान क्षेत्र में फिलीपीन का एकमात्र रणनीतिक साझेदार बना हुआ है।'' उन्होंने कहा कि जहां समुद्री सहयोग इस साझेदारी की ''नींव'' है, इस कदम से दोनों देशों के बीच संबंधों का विस्तार हुआ है।

# हम तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर... डोनाल्ड ट्रंप क्यों दे रहे डरावनी चेतावनी



अमेरिकी बेस पर हमले के लिए ईरान समर्थित आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया गया। अमेरिकी बेस पर घातक ड्रोन हमले में तीन सैनिकों की मौत और लगभग 40 अन्य के घायल होने के बाद जीओपी के राष्ट्रपति पद के प्राथमिक दावेदार ने दावा किया कि कमांडर इन चीफ के रूप में जो बाइडेन के साथ हमारा देश जीवित नहीं रह सकता। जॉर्डन में 3 अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़ा राजनीतिक युद्ध छिड़ गया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इसका दोष जो बाइडेन पर मढ़ते हुए दावा किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति हमें तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर ले जा रहे हैं। उनका दावा अब जोर पकड़ रहा है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, जो आंतरिक विफलताओं से जूझ रहा है, सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए तेजी से बाहरी संघर्षों की ओर रुख कर रहा है। अमेरिकी बेस पर हमले के लिए ईरान समर्थित आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया गया। अमेरिकी बेस पर घातक ड्रोन हमले में तीन सैनिकों की मौत और लगभग 40 अन्य के घायल होने के बाद जीओपी के राष्ट्रपति पद के प्राथमिक दावेदार ने दावा किया कि कमांडर इन चीफ के रूप में जो बाइडेन के साथ हमारा देश जीवित नहीं रह सकता। बाइडेन ने हमलों के लिए कट्टरपंथी ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों को दोषी ठहराया है। उन्होंने अमेरिकियों की मौतों और चोटों के लिए जिम्मेदार लोगों को हमारे द्वारा चुने गए समय पर और तरीके से जवाबदेह ठहराने की कसम खाई है। संयुक्त राज्य अमेरिका पर यह निर्लज्ज हमला जो बिडेन की कमजोरी और आत्मसमर्पण का एक और भयानक और दुखद परिणाम है, ट्रम्प ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करने के बाद लिखा। ट्रम्प ने यहां तक घ्तर्क दिया कि यदि मैं राष्ट्रपति होता तो घातक हमला कभी नहीं होता, यहां तक घ्कि मौका भी नहीं मिलता। जैसे इजराइल पर ईरान समर्थित हमास का हमला कभी नहीं हुआ होगा, यूक्रेन में युद्ध कभी नहीं हुआ होगा, और अभी हमारे पास पूरी दुनिया में शांति होगी। इसके बजाय, हम तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर हैं।

# पड़ोस में हो रहीं गलत चीजों से मुंह नहीं फेर सकते, मालदीव के इंडिया आउट अभियान पर बोले जयशंकर– कोई बच नहीं सकता



मालदीव में इंडिया आउट अभियान पर जयशंकर ने कहा कि दिन के अंत में पड़ोसियों को एक–दूसरे की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। लाल सागर में व्यापारी नौसेना के जहाजों पर हमले और क्षेत्र में भारतीय नौसेना के जहाजों की तैनाती के बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत की अधिक क्षमता, उसकी अपनी रुचि और प्रतिष्ठा आज इस बात की गारंटी देती है कि वह वास्तव में कठिन परिस्थितियों में मदद करता है। भारतीय प्रबंधन संस्थान, मुंबई में एक बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 जहाज तैनात किए हैं।उन्होंने कहा कि भारत की अधिक क्षमता, हमारा अपना हित और हमारी प्रतिष्ठा आज इस बात की गारंटी देती है कि हम वास्तव में कठिन परिस्थितियों में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पड़ोस में बुरी चीजें हो रही हैं तो हमें एक जिम्मेदार देश नहीं माना जाएगा और हम कहते हैं कि मेरा इससे कोई लेना–देना नहीं है। मालदीव में श्इंडिया आउटश अभियान पर जयशंकर ने कहा कि दिन के अंत में पड़ोसियों को एक–दूसरे की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं द्वारा ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज पर हमला करने के बाद मछली पकड़ने वाले जहाज के 19 पाकिस्तानी चालक दल को बचाया। आईएनएस सुमित्रा को सोमालिया के पूर्व और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है। जहाज ने सोमवार को ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज इमान पर समुद्री डकैती के प्रयास को विफल कर दिया था।

# खत्म हो जाएगा इमरान खान का राजनीतिक कॅरियर ? साइफर केस में हुई 10 साल की सजा, शाह महमूद कुरैशी पर भी गिरी गाज

इमरान खान के वकील शोएब शाहीन ने एक टेक्स्ट संदेश में कहा, एक विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत मुहम्मद जुल्करनैन ने मंगलवार को आदेश सुनाया। उन्होंने कहा कि उनके पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को भी इसी मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई थी। पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सत्ता में रहने के दौरान एक राजनयिक केबल को सार्वजनिक करके देश के आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का दोषी पाते हुए 10 साल जेल की सजा सुनाई। इमरान खान के वकील शोएब शाहीन ने एक टेक्स्ट संदेश में कहा, एक विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत मुहम्मद जुल्करनैन ने मंगलवार को आदेश सुनाया। उन्होंने कहा कि उनके पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को भी इसी मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई थी। सिफर मामले में इमरान खान पर पाकिस्तान की गुप्त सूचनाओं को राजनीतिक उपलब्धियों और निजी इस्तेमाल के लिए इस्तेमाल करने का आरोप है। खान ने 27 मार्च, 2022 को एक सार्वजनिक रैली में लहराया था और अमेरिका का नाम लेते हुए दावा किया था कि उनकी सरकार गिराने की साजिश का एक अंतरराष्ट्रीय सबूत था। खान और कुरैशी दोनों को पहली बार अक्टूबर में मामले में शामिल किया गया था और उन्होंने खुद को निर्दोष बताया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने जेल मुकदमे के लिए सरकार की अधिसूचना को गलत करार दिया था और पूरी कार्यवाही को रद्द कर दिया था। पूर्व पाक पीएम ने कहा था कि मुकदमा किसी मजाक से कम नहीं था क्योंकि अभियोजन और बचाव दल दोनों सरकार के थे।

# मुइज्जू के खिलाफ तख्तापलट शुरू! क्यों आई राष्ट्रपति के सामने ऐसी नौबत ?



राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। लेकिन विपक्ष ऐसा क्यों कर रहा है? मुइज्जू के अन्य विवादों के बारे में आज आपको इस रिपोर्ट के माध्यम से बताते हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मालदीव की संसद में सबसे बड़ी मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। लेकिन विपक्ष ऐसा क्यों कर रहा है? मुइज्जू के अन्य विवादों के बारे में आज आपको इस रिपोर्ट के माध्यम से बताते हैं। मालदीव एक ऐसा देश जहां कभी बौद्ध धर्म के लोग भी थे, तो हिंदुओं की संख्या भी रही। वो देश जो हमेशा भारत का दोस्त रहा। लेकिव अब वहां हाल ही में राष्ट्रपति बने मोहम्मद मुइज्जू की नीतियों की वजह से भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आ गई। मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से ही भारत की चिंता बढ़ने लगी। मोइज्जू हमेशा से खुले तौर पर भारत के विरोध में नजर आए हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान भी इंडिया आउट का नारा दिया था। जिसके बाद उन्हें बहुमत से जीत मिली। राष्ट्रपति मुइज्जू का झुकाव चीन की ओर ज्यादा है। हाल ही में चीन से लौटने के बाद मोइज्जू ने पहला कदम भारत के खिलाफ ही था। मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों को वापस लौटने का फरमान फिर से जारी कर दिया।एमडीपी संसदीय समूह महाभियोग लाएगा एमडीपी और एक अन्य विपक्षी दल डेमोक्रेट्स के पास मुइज्जू पर महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त हस्ताक्षर हैं। मालदीव के संविधान में कहा गया है कि मजलिस के एक तिहाई सदस्य राष्ट्रपति को हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी देते हैं और कारण इस प्रकार बताए जाएंगे। मालदीव की स्थानीय मीडिया ने बताया कि मालदीव की मुख्य विपक्षी पार्टी, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी), जिसके पास संसद में बहुमत है, ने मुइज्जू पर महाभियोग प्रस्ताव पेश करने के लिए पर्याप्त हस्ताक्षर जुटा लिए हैं। द सन ने एमडीपी के एक विधायक के हवाले से कहा कि पार्टी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए हस्ताक्षर एकत्र किए हैं। इस बीच, मालदीव में एक ऑनलाइन समाचार पोर्टल अध ाधू ने बताया कि एमडीपी और डेमोक्रेट दोनों के प्रतिनिधियों सहित 34 सदस्यों ने राष्ट्रपति के महाभियोग के प्रस्ताव को अपना समर्थन दिया है, जो कल मालदीव की संसद में अराजकता के कारण बाधित हुआ था। द सन ने आगे बताया कि एमडीपी ने फैसला किया है कि अगर सरकारी विधायक संसद को बाधित करना जारी रखते हैं तो वह गृह मंत्री अली इहुसन और रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून को मंजूरी देने से इनकार कर देगी अन्य विवादों में भी घिरे मुइज्जू यह पहली बार नहीं है जब मुइज्जू को विपक्ष का गुस्सा झेलना पड़ा। चीन समर्थक नेता ने पदभार ग्रहण करने के बाद औपचारिक रूप से भारत से अपने सैन्य कर्मियों को उनके देश से वापस बुलाने का अनुरोध किया। मुइज्जू ने दावा किया कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए मजबूत जनादेश दिया है। उन्होंने हाल के वर्षों में नई दिल्ली के साथ माले द्वारा हस्ताक्षरित दर्जनों समझौतों को भी माइक्रोस्कोप के तहत रखा है। मुइज्जू ने हाल ही में चीन से एक जासूसी जहाज को माले में डॉक करने की अनुमति भी दी थी। मालदीव सरकार ने एक बयान में कहा कि चीन ने कर्मियों के रोटेशन और पुनःपूर्ति के लिए राजनयिक अनुरोध किया है। इसमें कहा गया है कि द्वीप राष्ट्र हमेशा मित्र देशों के जहाजों के लिए एक स्वागत योग्य गंतव्य रहा है। बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रालय यह सूचित करना चाहता है कि पोर्ट कॉल करने के लिए आवश्यक मंजूरी के लिए चीन सरकार द्वारा मालदीव सरकार से एक राजनयिक अनुरोध किया गया था।चीनी पोत पर करीब से नजर रख रहा श्रीलंका ने जहाज को अपने एक बंदरगाह पर रुकने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। जहाज के 5 फरवरी को माले में उतरने की उम्मीद है। भारत ने कहा है कि वह उन्नत निगरानी उपकरणों से लैस चीनी पोत पर करीब से नजर रख रहा है। रक्षा सूत्रों के अनुसार भारतीय ईईजेड के भीतर जहाज द्वारा किसी भी प्रकार की अनुसंध ाान गतिविधियाँ करने का कोई उदाहरण नहीं है। भारतीय नौसेना जहाज की मौजूदगी से अवगत है और इसकी गतिविधियों पर नजर रख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लक्षद्वीप की यात्रा की तस्वीरें पोस्ट करने के बाद मालदीव सरकार और नई दिल्ली के बीच विवाद भी पैदा हो गया।। मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों समेत सोशल मीडिया पर कई लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

हालांकि सरकार ने तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया और खुद को ऐसी किसी भी टिप्पणी से दूर कर लिया, लेकिन भारत में कई लोगों द्वारा मालदीव के बहिष्कार का आह्वान करने से नुकसान पहले ही हो चुका है। मुइज्जू के लिए हालात बदतर बनाने के लिए, एमडीपी उम्मीदवार एडम अजीम ने जनवरी में माले के मेयर चुनाव में भारी जीत हासिल की।

# उत्तर कोरिया ने इस महीने में तीसरी बार दागी क्रूज मिसाइल दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं इन प्रक्षेपणों का विश्लेषण कर रही हैं।



अभी यह जानकारी नहीं दी गई है कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या वे कितनी दूर तक पहुंचीं। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 24 जनवरी और 28 जनवरी को भी इसी प्रकार के परीक्षण किए थे। सियोल। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को पश्चिमी तट के पास समुद्र में कई क्रूज मिसाइलें दागीं जो इस महीने में उसका इस प्रकार का तीसरा परीक्षण है। दक्षिण कोरिया ने यह जानकारी दी। यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया है जब क्षेत्र में तनाव पहले से बढ़ा हुआ है। उत्तर कोरिया द्वारा हथियारों का प्रदर्शन और अमेरिका, दक्षिण कोरिया एवं जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास बढ़ गए हैं। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं इन प्रक्षेपणों का विश्लेषण कर रही हैं। अभी यह जानकारी नहीं दी गई है कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या वे कितनी दूर तक पहुंचीं। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 24 जनवरी और 28 जनवरी को भी इसी प्रकार के परीक्षण किए थे। उत्तर कोरिया ने बताया था कि उसने पनडुब्बी से प्रक्षेपण के लिए विकसित नयी क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने 14 जनवरी को पहली ठोस–ईंधन आधारित मध्यवर्ती रेंज वाली बैलिस्टिक

# बंद करने का आदेश, हांगकांग की अदालत का ये फैसला चीन में होगा मान्य ?




शेन्जेन–आधारित डेवलपर के खिलाफ फैसला तब आया है जब पिछले साल जून के अंत में 328 बिलियन डॉलर (27 लाख करोड़ रुपये) से अधिक की कुल देनदारियों के साथ यह सबसे अधिक ऋणग्रस्त संपत्ति डेवलपर होने के लिए कुख्यात हो गया है। यह 2021 में डिफॉल्ट के बाद चीनी कंपनी के लिए एक नया डाउनफॉल है। दुनिया के सबसे कर्जदार प्रॉपर्टी डेवलपर एवरग्रांडे ग्रुप के लिए एक और झटका आया है। हांगकांग की एक अदालत ने एशियाई देश में संपत्ति संकट का प्रतीक बन चुकी चीनी संपत्ति की दिग्गज कंपनी एवरग्रांडे को बंद करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति लिंडा चान ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अदालत के लिए यह कहने का समय आ गया है कि अब बहुत हो गया। न्यायधीश लिंडा चान ने कहा कि मेरा मानना घ्घ्घ्है कि अदालत के लिए कंपनी के खिलाफ समापन आदेश देना उचित है। शेन्जेन–आध ाारित डेवलपर के खिलाफ फैसला तब आया है जब पिछले साल जून के अंत में 328 बिलियन डॉलर (27 लाख करोड़ रुपये) से अधिक की कुल देनदारियों के साथ यह सबसे अधिक ऋणग्रस्त संपत्ति डेवलपर होने के लिए कुख्यात हो गया है। यह 2021 में डिफॉल्ट के बाद चीनी कंपनी के लिए एक नया डाउनफॉल है। चीनी अरबपति जू जियान द्वारा 1996 में ग्वांगझू में स्थापित किया गया एवरग्रैंड चीन के सबसे बड़े रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। रियल एस्टेट के सेक्टर में इसने खूब नाम कमाया। कॉर्पोरेट वेबसाइट के अनुसार वर्तमान में एवरग्रैंड चीन के 280 से अधिक शहरों में 1,300 से अधिक परियोजनाओं का मालिक है। बाद में इसने इलेक्ट्रिक वाहन, खेल और थीम पार्क, खाद्य और पेय व्यवसाय, बोतलबंद पानी, किराने का सामान और डेयरी उत्पादों में विविधता बढ़ाई। वेबसाइट की माने तो कंपनी लगभग 200,000 लोगों को रोजगार देती है और हर साल 3.8 मिलियन से अधिक नौकरियां पैदा करती है। 2010 में कंपनी ने गुआंगजौ एवरग्रैंड सॉकर टीम खरीदी व 185 मिलियन डॉलर की लागत से दुनिया का सबसे बड़ा सॉकर स्कूल बनाया है। वर्तमान में कंपनी 1.7 बिलियन डॉलर के निवेश से कमल के फूल के शेप का फुटबॉल स्टेडियम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें 100,000 लोगों के बैठने की क्षमता है। रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनी ने पिछले साल 110 बिलियन डॉलर की बिक्री दर्ज की थी। समस्या कैसे शुरू हुई? अब आप कह रहे होंगे कि इतने प्रोजक्ट्स, इतना निवेश और अलग–अलग क्षेत्र में मौजूदगी हो, भला उस कंपनी को फिर क्या दिक्कत हो गई? कंपनी ने अपनी अन्य परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए कर्ज लिया और धीरे–धीरे इसके बोढ चले दबता गया।इसने नकदी जुटाने और फिर से जमीन खरीदने की उम्मीद के साथ कम मार्जिन के साथ भी तेज दर पर अपार्टमेंट बेचे। पिछले साल सितंबर के महीने में कंपनी की एक लीक लेटर से खुलासा हुआ था कि उसकी तरफ से लिस्टिंग योजना के लिए सरकार से समर्थन मांगा गया था। एवरग्रांडे को ताजा झटका लेनदार, टॉप शाइन ग्लोबल द्वारा दायर एक याचिका के आध ाार पर, हांगकांग की एक अदालत ने चीनी कंपनी के परिसमापन का आदेश दिया है। निर्णय घोषित होने के कुछ ही समय बाद, एवरग्रांडे के हांगकांग–व्यापार वाले शेयरों में व्यापार से निलंबित होने से पहले सोमवार की शुरुआत में लगभग 21 प्रतिशत की गिरावट आई। इस फैसले से कंपनियों के निदेशकों का नियंत्रण खत्म हो जाएगा। पेशेवर सेवा फर्म डेलॉइट के वैश्विक दिवालिया नेता डेरेक लाई ने बीबीसी को बताया कि एक अस्थायी परिसमापक नियुक्त किया जाएगा। हालाँकि, एक समस्या है. एवरग्रांडे की अधिकांश संपत्ति मुख्य भूमि चीन में हैं और एक देश, दो प्रणाली के नारे के बावजूद, न्यायिक क्षेत्र संबंधी मुद्दे हैं। वित्तीय सेवा फर्म एएमपी के मुख्य रणनीतिकार शेन ओलिवर ने कहा कि ऐतिहासिक निर्णय चीन में चल रहे संपत्ति संकट में एक कदम आगे की ओर है। इसने कोई बड़ी आपदा पैदा नहीं की है जिसका कई लोगों को डर था। लेकिन इसी तरह, इसका भी समाधान नहीं हुआ है। हंगकांग की अदालत का फैसला चीन में होगा मान्य श यह देखना दिलचस्प होगा

कि हांगकांग की अदालत के इस फैसले को क्या चीन की अदालतें मान्यता देंगी? वहीं, ऑफशोर निवेशकों का ध्यान इस बात पर होगा कि किसी कंपनी के विफल होने पर चीनी अधि ाकारी विदेशी ऋणदाताओं के साथ कैसा व्यवहार करते हैं।

# 2016 वाले भारत के कदम की नकल करेगा पाकिस्तान, च्ड मोदी की दिखाई राह पर चलकर मिलेगी मुल्क को तंगहाली से आजादी ?



स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने यहां मीडिया को बताया कि करेंसी नोटों को उन्नत अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सुविधाओं के साथ शामिल किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तानी मुद्रा को आधुनिक बनाने के लिए विशिष्ट सुरक्षा संख्या और डिजाइन शामिल होंगे। पैसे–पैसे को मोहताज मुल्क पाकिस्तान इन दिनों अपनी खराब आर्थिक नीतियों की वजह से तंगहाली का सामना कर रहा है। अपनी मुद्री की गिरती कीमतों के बीच पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने घोषणा की है कि वह नकदी की कमी वाले देश में नकली मुद्राओं के खतरे से निपटने के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ नए मुद्रा नोट पेश करेगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने यहां मीडिया को बताया कि करेंसी नोटों को उन्नत अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सुविधाओं के साथ शामिल किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तानी मुद्रा को आध ुनिक बनाने के लिए विशिष्ट सुरक्षा संख्या और डिजाइन शामिल होंगे। अहमद ने यह भी कहा कि परिवर्तन धीरे–धीरे होगा ताकि पाकिस्तान को व्यवधान और सार्वजनिक घबराहट की समस्याओं का सामना न करना पड़े जैसा कि अतीत में कुछ अन्य देशों में देखा गया है। हालाँकि, कुछ वित्तीय विशेषज्ञों को आश्चर्य है कि क्या नए मुद्रा नोटों की शुरूआत में नकली और काले धन बाजार से निपटने के लिए घ्5,000 या उच्च मूल्य वर्ग के नोटों का विमुद्रीकरण भी शामिल हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नकदी की कमी से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था काले धन के अवैध ा उपयोग से काफी प्रभावित है, जो उच्च मूल्यवर्ग के नोटों के प्रचलन के कारण आसान है। कैपिटल इन्वेस्टमेंट के सोहेल फारूक ने कहा कि पाकिस्तान की मौद्रिक प्रणाली की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए यह सही कदम है, लेकिन क्या इसमें नोटबंदी भी शामिल होगी, यह देखना होगा। उन्होंने केंद्रीय बैंक को लेकर पुष्टि की कि बाजार में नकली नोटों का चलन बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अगर नए करेंसी नोट प्रसारित किए जाते हैं,

# फाइटर ने हिला डाला बाक्स आफिस, चार दिनों में 100 करोड़ी बनी रितिक–दीपिका की फिल्म

ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण स्टारर फाइटर गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म की पहले दिन अच्छी शुरुआत हुई. वहीं दूसरे दिन रिपब्लिक डे की छुट्टी का इस फिल्म को भरपूर फायदा हुआ और इसने दमदार कलेक्शन किया. वीकेंड पर भी फाइटर ने जबरदस्त कमाई की और रविवार को इस फिल्म ने इतिहास रच दिया. चलिए यहां जानते हैं फाइटर ने रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार को कितना कलेक्शन किया है?

फाइटर देशभक्ति से लबरेज है तो वहीं इमोशनंस और रोमांस के साथ एंटरटेनमेंट का फुल पैकेज है. इस फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने पहली बार स्क्रीन शेयर की है और दोनों की केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल छू लिया है. फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ पहुंच रही है.वहीं फाइटर को गणतंत्र दिवस की छुट्टी के साथ एक्सटेंडेड वीकेंड का भरपूर फायदा मिला है और इसी के साथ इसने चार दिनों में ही 100 करोड़ का कारोबार कर लिया है. फिल्म की कमाई की बात करें तो फाइटर ने रिलीज के पहले दिन 22.5 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं दूसरे दिन फाइटर ने 39.5 करोड़ का कलेक्शन किया था और तीसरे दिन 27.5 करोड़ की कमाई की थी. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के चौथे दिन यानी पहले संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक फाइटर ने रिलीज के चौथे दिन 28.50 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ फाइटर के चार दिनों का कुल कलेक्शन अब 118.00 करोड़ हो गया है.



फाइटर का क्रेज देश ही नहीं बल्कि पूरा दुनिया के सिर चढ़कर बोल रहा है. फिल्म को दुनियाभर के दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. वहीं मनोबाला विजयबालन ने फाइटर के वर्ल्डवाइड कमाई के आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक फाइटर ने रिलीज के पहले दिन दुनियाभर में 36.04 करोड़, दूसरे दिन 64.57 करोड़ और तीसरे दिन 56.19 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी क साथ फाइटर का तीन दिनों का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 156.80 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं चौथे दिन फिल्म के 200 करोड़ के आंकड़े के करीब पहुंचने की पूरी उम्मीद है. फाइटर के बजट की बात करें तो ये फिल्म 250 करोड़ के बजट में बनी है. इसे पठानञ्च और वॉरञ्च फेम सिद्धार्थ आनंद ने निर्देशित किया है. इंडियन आर्म्ड फोर्स की वीरता, बलिदान और देशभक्ति को श्रद्धांजलि देने वाली फिल्म है श्फाइटरञ्च जो एयर ड्रैगन्स की कहानी को दिखाती है जो श्रीनगर घाटी में आतंकवादी गतिविधियों के जवाब में एयरफोर्स हेडक्वार्टर द्वारा नियुक्त एक एलिट यूनिट हैं फिल्म की स्टार कास्ट की बात करें तो इसमें ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर सहित कई कलाकार है.

# हनु मान का बाक्स आफिस पर खूब बज रहा डंका, तीसरे संडे फिर तेजा सज्जा की फिल्म ने की शानदार कमाई

निर्देशक प्रशांत वर्मा के सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली सुपरहीरो फिल्म श्हनु मानञ्च ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीदों से कहीं ज्यादा शानदार परफॉर्म किया है. 12 जनवरी को ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर महेश बाबू की श्गुंटूर कारमञ्च, धनुष की श्कैप्टन मिलरञ्च, कैटरीना कैफ–विजय सेतुपति की श्मैरी क्रिसमसञ्च सहित कई मूवीज के साथ बड़े पर्दे पर तेलुगु, हिंदी और अन्य भाषाओं में रिलीज हुई थी.श्हनु मानञ्च ने तमाम फिल्मों की भीड़ के बीच धीमी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद इसने बॉक्स ऑफिस पर वो रफ्तार पकड़ी की हर कोई हैरान रह गया. यहां तक कि छोटे बजट की ये फिल्म ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की श्फाइटर को भी जबरदस्त टक्कर ले रही है. चलिए यहां जानते हैं श्हनु मानञ्च ने रिलीज के 17वें दिन कितनी कमाई की है?हनु मानञ्च बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचा रही है. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छोटा पैकेट बड़ा धमाका साबित हुई है. तेजा सज्जा स्टारर इस फिल्म को रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. यहां तक कि रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी श्हनु मानञ्च का क्रेज दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है और ये फिल्म अब करोड़ों में कारोबार कर रही है.श्हनु मानञ्च की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में 99.85 करोड़ का कारोबार किया है. वहीं दूसरे हफ्ते श्हनु मानञ्च की कमाई 58.65 करोड़ रही. अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है. फिल्म ने तीसरे शनिवार 6.5 करोड़ का कारोबार किया है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के तीसरे रविवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ चुके हैं. रिपोर्ट के मुताबिक हनु मानञ्च ने रिलीज के 17वें दिन 7.50 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ श्हनु मानञ्च के 17 दिनों का कुल कलेक्शन 172.50 करोड़ रुपये हो गया है. हनु मान दुनियाभर में धमाल मचा रही है. इस फिल्म ने 21.35 करोड़ से वर्ल्डवाइड



ओपनिंग की थी. वहीं ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने फिल्म की रिलीज के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक श्हनु मानञ्च ने रिलीज के 16 दिनों में 256.83 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. वहीं 17वें दिन श्हनु मानञ्च के 300 करोड़ के आंकड़े के करीब पहुंचने की उम्मीद है.हनुमान में तेजा सज्जा के अलावा अमृता एयर, वरलाश्मी सरथकुमार, विनय रॉय और राज दीपक शेट्टी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. इस फिल्म को प्रशांत वर्मा ने डायरेक्ट किया है.

# डाक्यूमेंट्री सीरीज द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरी बरीड ट्रुथ की रिलीज डेट से पर्दा उठा, फर्स्ट पोस्टर हुआ आउट

इंद्राणी मुखर्जी ने किया था अपनी बेटी शीना बोरा का कत्ल? क्या है शीना बोरा की मर्डर मिस्ट्री का सच? अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर खुलेंगी इस रियल सेंसेशनल स्कैंडल की परत दर परत. दरअसल डॉक्यूमेंट्री सीरीज श्द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरीरू बरीड ट्रुथञ्च का पोस्टर आज रिलीज हो गया है. नेटफ्लिक्स की सीरीज में शीना बोरा हत्याकांड की कहानी दिखाई जाएगी. सोमवार को, नेटफ्लिक्स इंडिया ने एक पोस्टर जारी कर सीरीज की प्रीमियर डेट की अनाउंसमेंट भी कर दी. 2012 में शीना बोरा की कथित हत्या के लिए 2015 में इंद्राणी मुखर्जी सुर्खियों में आई थीं.

श्द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरीरू बरीड ट्रुथञ्च की रिलीज की तारीख की अनाउंसमेंट करते हुए, नेटफिलक्स इंडिया ने अपने इंस्टाग्राम कैप्शन में लिखा, एक सनसनीखेज स्कैंडल जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया, जिसके केंद्र में एक परिवार के सबसे गहरे रहस्य थे. इंद्राणी मुखर्जी स्टोरी बरीड ट्रुथ, 23 फरवरी को केवल नेटफ्लिक्स पर आ रही है!डॉक्यूमेंट्री में शीना बोरा की सनसनीखेज हत्या और उसके बाद 2015 में शीना की कथित मां इंद्राणी मुखर्जी की गिरफ्तारी की परतें खोलने का वादा किया गया है, जिनकी पहले मीडिया टाइकून पीटर मुखर्जी से शादी हुई थी

नेटफ्लिक्स श्रृंखला इंद्राणी मुखर्जी के 2023 संस्मरण, अनब्रोकनरू द अनटोल्ड स्टोरी के कुछ महीनों बाद रिलीज हो रही है. इंद्राणी ने अपनी कीताब में मीडिया विशेषज्ञ से हत्या की आरोपी बनी अपने पूरे जीवन के साथ–साथ जेल में बिताए



छह सालों की कहानी बयां की है. बता दें कि इंद्राणी फिलहाल जमानत पर बाहर है.रिपोर्ट के मुताहिक, नेटफ्लिक्स इंडिया ने एक बयान में कहा कि सीरीज में इंद्राणी मुखर्जी, उनके बच्चे विधि मुखर्जी और मिखाइल बोरा, वेटरन जर्नलिस्ट और वकील शामिल हैं, जो अकार्यात्मक पारिवारिक गतिशीलता और जटिल प्रेरणाओं के बारे में बोलेंगे. ये सीरीज यह शाना लेवी और उराज बहल द्वारा निर्देशित है. इस शो में पहली बार इंद्राणी, पीटर और राहुल मुखर्जी के बीच की परेशान करने वाली कॉल रिकॉर्डिंग और परिवार की अनदेखी तस्वीरें भी दिखाई जाएंगी जो दर्शकों को सच्चाई के बारे में सोचने पर मजबूर कर देंगी

# पुष्पा 2 द रूल की रिलीज का काउंटडाइन शुरू

## 200 दिन बाद रिलीज होगी अल्लू अर्जुन की फिल्म, शानदार पोस्टर हुआ रिलीज

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा का सीक्वल इस साल 2024 में रिलीज होने वाला है. पुष्पा 2 द रूल साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म्स में से एक है. अल्लू अर्जुन की फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. पुष्पा 2 के मेकर्स ने फिल्म की एक्साइटमेंट बढ़ाने के लिए काउंटडाउन शुरु कर दिया है. पुष्पा 2 का काउंटडाउन मेकर्स ने एक पोस्ट शेयर करके शुरु किया. पुष्पा 2 द रूल के प्रोडक्शन हाउस माय थ्री ने 200 अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर पुष्पा 2 के लिए नया पोस्टर जारी किया है. ये एक काउंटडाउन पोस्टर है. इस पोस्ट में बताया गया है कि फिल्म की रिलीज में अब केवल



200 दिन बचे हैं. साल 2021 में पुष्पारू द राइज की रिकॉर्ड तोड़ सफलता के बाद अब पुष्पा 2रू द रूल सिनेमाघरों में आने जा रही है. फिल्म मेकर्स ने काउंटडाउन शुरू करते हुए शानदार कैप्शन भी लिखा. पुष्पा राज को रूल करने के लिए सिर्फ 200 दिन पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त 2024 को दुनिया भर में रिलीज होगी अल्लू अर्जुन की फिल्म के सीक्वल को लेकर हाइप भी जोरों पर है. राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अल्लू अर्जुन मास्टर फिल्ममेकर सुकुमार द्वारा निर्देशित इस सीक्वल में रूल करने के लिए लौट आए हैं. फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका मंदाना भी नजर आने वाली हैं. वहीं, एक्टर फहद फासिल भी फिल्म का हिस्सा हैं. साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर फिल्म रिलीज होने जा रही है. माइथ्री मूवी मेकर्स दर्शकों के लिए एक कम्प्लीट एंटरटेनमेंट देने के लिए तैयार हैं. अल्लू अर्जुन की फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. पुष्पा 2 का फर्स्ट पोस्टर मेकर्स ने साउथ सुपरस्टार के जन्मदिन पर शेयर किया था. इस पोस्टर को ही 7 मिलियन से ज्यादा लोगों ने लाइक किया था. पुष्पा 2 के मेकर्स ने दावा किया था कि भारतीय सिनेमा की किसी फिल्म के पोस्टर पर सबसे ज्यादा लाइक आने का रिकॉर्ड बन गया है. अब 200 दिन बाद फिल्म बड़े पर्दे पर आने वाली है.

# नोरा फतेही ध्रुव सरजा–स्टारर केडीरू द डेविल में हुईं शामिल

अभिनेत्री नोरा फतेही इन दिनों अपनी आगामी स्पोर्ट्स–एक्शन फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी विद्युत जामवाल के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।हिंदी, तमिल और तेगुलु फिल्मों में अभिनय करने के बाद अब नोरा कन्नड़ सिनेमा में अपनी अदाकारी का दम दिखाएंगी।उन्होंने अपनी पहली कन्नड़ साइन की है, जिसका नाम केडी – द डेविल है।केवीएन प्रोडक्शन ने अपनी आगामी दो परियोजनाओं के लिए नोरा को साइन किया है।नोरा अपनी पहली कन्नड़ फिल्म में संजय दत्त के साथ नजर आएंगी। फिल्म में संजय और नोरा साथ में डांस करते हुए दिखाई देंगे।इस फिल्म का निर्देशन कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक प्रेम करने वाले हैं। इसमें शिल्पा शेट्टी और विजय सेतुपति भी हैं।प्रेम ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मुझे नोरा की मेहनत और काबिलियत पर पूरा भरोसा है। वह सारे काम शिद्दत से करती हैं। उनकी वजह से ये फिल्म सुपर हिट होगी।नोरा एक साथ दो बड़ी कन्नड़ फिल्में साइन करके काफी खुश हैं।उन्होंने कहा, मैं बता नहीं सकती हूं कि मैं कितनी खुश हूं। मैं पहली बार एक नहीं दो–दो कन्नड़ फिल्में कर रही हूं। इन फिल्मों की बदौलत मुझे कर्नाटक की परंपरा और फिल्मों के दर्शकों से जुडने का मौका मिलेगा।उन्होंने आगे कहा, मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित महसूस कर रही हूं। मैं ज्यादा इंतजार नहीं कर सकती।



# शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक हुआ रिलीज, 9 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का नया गाना तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया रिलीज हो चुका हैं। टाइटल ट्रैक को राघव, तनिष्क बागची और असीस कौर ने गाया है। इस ट्रैक का संगीत राघव और तनिष्क बागची द्वारा लिखा गया है और गीत तनिष्क बागची द्वारा लिखे गए हैं।

शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और इसके पहले रिलीज हुए गानों के बारे में



टाइटल ट्रैक के रिलीज होने से पहले, तेरी बातों में ऐसा उलझा जियारू एन इम्पॉसिबल लव स्टोरी एल्बम से दो मनमोहक गाने जारी किए गए थे।

पहला, लाल पीली अखियाँ, एक हाई–एनर्जी डांस नंबर है जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन अपनी गतिशील चाल से स्क्रीन पर आग लगा रहे हैं। तनिष्क बागची द्वारा रचित इस गाने को बागची और रोमी ने गाया है, जिसके बोल नीरज राजावत ने लिखे हैं।

इसी की तरह फिल्म का दुसरा गाना, अखियाँ गुलाब एक रोमांटिक गाना है, जिसे मित्राज ने संगीतबद्ध, गाया और लिखा है। यह ट्रैक फिल्म के एहम किरदारें के बीच की शानदार केमिस्ट्री को खूबसूरती से दर्शाता है।

अमित जोशी और आराधना साह की डायरेक्टेड और दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्मित, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को वेलेंटाइन वीक के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज होने के साथ ही दर्शकों का मनोरंजन करने का वादा करती है।

# तू झूठी मैं मक्कार से हसलीन कौर को मिली पहचान

रणबीर कपूर इस दौर के बॉलीवुड के शीर्ष अभिनेताओं में शुमार हैं। कई नए कलाकार उनके साथ काम करने की इच्छा जता चुके हैं, वहीं उनके साथ काम करने वाले सहायक कलाकारों ने उनकी खूब प्रशंसा की है।पिछले साल रणबीर की 2 फिल्में रिलीज हुई थीं। तू झूठी मैं मक्कार और एनिमल से पिछले साल रणबीर ने खूब सुर्खियां बटोरीं।तू झूठी मैं मक्कार की उनकी साथी कलाकार हसलीन कौर ने उनके साथ काम करने पर खुशी जताई है।

तू झूठी... में हसलीन ने रणबीर की बहन का किरदार निभाया था।

हसलीन ने इस फिल्म के बारे में कहा, मुझे लगता है कि इस फिल्म ने मुझे पहचान दिलाने का काम किया है। लोग सड़कों पर मुझे रणबीर की अड़ियल, लेकिन प्यारी बहन मिनी के रूप में जानते हैं और मेरे साथ तस्वीरें लेना चाहते हैं। यह बहुत सुखद एहसास है।उन्होंने रणबीर के अभिनय की भी तारीफ की।

रणबीर के बारे में हसलीन ने कहा, जब अभिनय की बात हो तो यह उन्हें विरासत में मिला है। यह उनके खून में है, लेकिन वह इसके लिए बहुत ज्यादा मेहनत भी करते हैं। जिस तरह से उन्होंने एक के बाद एक अपनी फिल्मों के लिए अपना लुक बदला है, तू झूठी, ब्रह्मास्त्र, एनिमल वह काबिल–ए–तारीफ है।हसलीन ने को–स्टार श्रद्धा कपूर के बारे में भी कहा कि वह उन्हें फिल्म जगत में अपना दोस्त बुला सकती हैं।

लव रंजन की फिल्म तू झूठी मैं



मक्कार पिछले साल होली के मौके पर रिलीज हुई थी। फिल्म में रणबीर और श्रद्धा की जोड़ी नजर आई थी।इस फिल्म में बोनी कपूर ने पहली बार कैमरे के सामने अभिनय किया था। फिल्म में डिंपल कपाडिया भी थीं।स्टैंडअप कॉमेडियन अनुभव बस्सी ने भी अपने अभिनय से दर्शकों का मनोरंजन किया था।इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन कारोबार किया था।

तू झूठी...

से पहले हसलीन 2014 में कर ले प्यार कर ले में नजर आई थीं।इससे पहले वह सैफ अली खान की फिल्म लव आज कल में भी नजर आ चुकी हैं।

हसलीन ने बताया कि जब उन्होंने लव आज कल में काम किया था, तब उनका अभिनय में करियर बनाने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने इसे एक साधारण मॉडलिंग असाइमेंट समझकर इसमें काम किया था।

# ब्लैक डीपनेक ड्रेस में जाह्नवी कपूर ने लगाई आग, कातिलाना अदाएं दिखाकर पार की बोल्डनेस की हदें

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी मां श्रीदेवी की ही तरह खूबसूरत हैं, जिनकी कातिलाना अदाओं के सभी कायल हैं। इतना ही नहीं, जाह्नवी को एक्टिंग और डांसिंग का हुनर भी विरासत में मिला है। फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा दिखाने के साथ ही एक्ट्रेस स्मूड डांस परफॉर्मेंस के लिए भी जानी जाती हैं।फिल्म लाइन में एक्टिव होने के साथ ही जाह्नवी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। वह अक्सर ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती हैं। कभी साड़ी में तो, कभी बॉडीकॉन ड्रेस में, जाह्नवी के हुस्न का जलवा देखने लायक होता है। मगर इस बार एक्ट्रेस ने हॉटनेस की हद पार कर दी है। जाह्नवी कपूर ने ब्लैक बॉडीहगिंग ड्रेस में अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। डीप नेक ब्लैक ड्रेस में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखने लायक लग रही है। अपने लुक को उन्होंने मसकारा, लिप्सटिक, लाइट मेकअप और बालों को खुला रखते हुए पूरा किया है। एक्ट्रेस का ये लुक सामने आने के बाद फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे।जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें, तो एक्ट्रेस को उनके फैंस देवरा में देखेंगे। इस फिल्म के डायरेक्टर कोरतल्ला



# मानव जीवन में जल का बहुत महत्व है–विंध्याचल सिंह

ब्यूरो
देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे विकास खण्ड भटनी के प्रांगण में जल जीवन मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तत्वाधान में जल जागरुकता संकल्प रथ को सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम जनमानस के लिए जल महत्वपूर्ण आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन कार्यक्रम की शुरूआत किया गया है।



इसके अंतर्गत सभी आम जन मानस को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा रहा है। मानव जीवन में जल का बहुत महत्व है जल के बिना जीवन संभव नहीं है।
ग्राम विकास अधिकारी सतीश कुमार शाही जी ने कहा ने कहा कि जन जागरूकता के माध्यम से ही लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। अजय दूबे वत्स ने कहा कि वर्षा जल को संरक्षित करके ही हम भूगर्भ जल के स्तर को बढ़ा सकते हैं। खंड प्रेरक स्वच्छ भारत मिशन रेहाना खातून ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को सस्ते कीमत पर सुगमता पूर्ण तरीके से 55 लीटर स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त अवसर पर वीरेंद्र पाण्डेय, प्रवीण द्विवेदी, शंभू नाथ दुबे ,पूजा सिंह, प्रिया साहनी, आनंद प्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

# बापू के आदर्श भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे–सी.पी.

ब्यूरो
देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर नगर पालिका स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान पूर्व जिला मंत्री भाजपा सी.पी.सिंह सैंथवार ने कहा कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देता हूं। साथ ही मैं उनका भी नमन करता हूं, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया ।उनके बलिदान हमें देश के लोगों की सेवा और उनके लक्ष्यों को पूरा करने की प्रेरणा देते हैं ।बापू के आदर्श भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे ।बापू का जीवन राष्ट्र की निरूस्वार्थ सेवा में समर्पित रहा ।महात्मा गांधी ने विरोध और विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए देश को आजाद कराने के लिए दृढ़ संकल्प लिया। महात्मा गांधी के विचार और उनके सिद्धांतों ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोगों को अहिंसा और सद्भावना का पाठ पढ़ाया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि गांधी जी के जीवन की कहानी साहस और सच्चाई से भरी थी ।महात्मा गांधी वो महापुरुष थे जिन्हें अंग्रेजों से लम्बी लड़ाई लड़ी और देश को गुलामी की



जंजीरों से निजात दिलाई। महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता के रूप में जाना जाता है जिन्हों दो शताब्दियों से अधिक समय तक चले ब्रिटीश शासन के खिलाफ आवाज उठाई और उनकी भारत से वापसी कराई। इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय,अरुण मिश्रा,विनोद पाण्डेय,रत्नेश्वर गर्ग,नवीन तिवारी,डा.विनोद पाण्डेय,अरविन्द सिंह,राम विलास गोंड,मनोज वर्मा,बृजेश कुमार आदि रहे।

# तंदूरी चाय की गुणवत्ता तथा अन्य खाद्य पदार्थ हेतु,7 नमूने एकत्रित किए गए

## सुनील कुमार द्वारा संचालित तंदूरी चाय के प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित किया गया

ब्यूरो
देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों के अनुपालन में दो दिवसीय अभियान के प्रथम दिवस में जनपद में तंदूरी चाय की गुणवत्ता तथा अन्य खाद्य पदार्थ हेतु अभियान चलाते हुए कुल 7नमूने एकत्रित किए गए।टीम प्रथम द्वारा बैतालपुर में सुनील कुमार द्वारा संचालित तंदूरी चाय के प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित किया गया। वही बैतालपुर में ही तंदूरी चाय एवं कोल्ड ड्रिंक नामक प्रतिष्ठान से चाय पत्ती का नमूना एकत्रित किया गया। इसी टीम द्वारा बैकुंठपुर ग्रामीण क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए बेसन का नमूना तथा





एक मिष्ठान भंडार से दूध का नमूना एकत्रित किया गया। द्वितीय टीम द्वारा नवादा चौराहा भाटपार रानी तहसील में गुड्डू मिष्ठान भंडार से छेना मिठाई का नमूना एकत्रित किया गया तथा बखरी बाजार से भी मिठाई का नमूना एकत्रित किया गया, एवं जसुई से पनीर का नमूना एकत्र किया गया।उपरोक्त अभियान में प्रथम टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवेंद्र गुप्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानवेंद्र कुमार तथा द्वितीय टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा सम्मिलित रहे।

# पीडित की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता।
कुरारा– हमीरपुर । कुरारा थाना क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव निवासी दुकानदार ने बीती शाम दुकान में आकर गाली गलौज करने मना करने पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दो लोगो के खिलाफ थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कुरारा क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव निवासी मोहन कुमार पुत्र पप्पू ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती शाम 8 बजे अपनी दुकान में बैठा था। तभी गांव निवासी पवन मिश्रा पुत्र जयनारायण तथा दीवान सिंह पुत्र अमर सिंह शराब के नशे मेंआए तथा गाली गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट की तथा दुकान का सामान तोड़ दिया। शोर सुनकर वहां मौजूद ग्रामीणोंने बीच बचाव किया। दोनो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# हर कार्यकर्ता के लिए कार्य और हर कार्य के लिए कार्यकर्ता भाजपा का मूल मंत्र – संतराज

ब्यूरो
देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर गांव चलो अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि संतराज यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक पार्टी के द्वारा गांव चलो अभियान चलाया जाएगा । जिसमे राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के सभी कार्यकर्ता लगाए जायेंगे । हर कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र वाले गांव में 24 घंटे का प्रवास करना है तथा सभी वोटों को सहेजने का कार्य भी करना है । लाभार्थियों से संपर्क करना तथा बूथ समितियों से संपर्क करके पन्ना प्रमुखों को सक्रिय कराना इनकी जिम्मेदारी होगी । कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष और नोएडा के विधायक पंकज सिंह को बनाया गया है तथा इनके सहयोग के



लिए 6 सह संयोजक प्रदेश स्तर के उपाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री गणों को लगाया गया है स उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय स्तर पर 5 पदाधिकारियों और जिला स्तर पर 3 पदाधिकारियों को लगाया गया है । उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी बड़ी तेजी के साथ राष्ट्रीय स्तर से लेकर गांव स्तर तक की जा रही है, हर कार्यकर्ता के लिए कार्य और हर कार्य के लिए कार्यकर्ता पार्टी का मोटो है, उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सारे विपक्षी दल गठबंधन बना कर भाजपा को रोकना चाहते है लेकिन वो अपने मंसूबे में सफल नहीं होने पाएंगे और धीरे धीरे आपस में ही लड़कर बिखर जायेंगे । कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने पिछले दिनों पार्टी के कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम में लगाए गए स पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि, कम से कम 1000 की आबादी वाले गांवों में बूथ संयोजक बनाकर तथा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की सूची बनाकर व्यापक रूप से घर घर संपर्क करना ही गांव चलो अभियान का मूल उद्देश्य है । उन्होंने कहा कि पार्टी के चिन्ह पर चुने गए ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी तथा ग्राम प्रधानों को हर गांव में प्रवासी बनाकर भेजा जाएगा जो 24 घंटे अपने प्रवास वाले गांव में प्रवास करेंगे । सभी वर्गों के लोगों से संपर्क और संवाद करना ही गांव चलो अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। आने वाले समय में 1 और 2 फरवरी को हर मंडलों में गांव चलो अभियान की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी ।
कार्यशाला को जिला उपाध्यक्ष और गांव चलो अभियान के संयोजक राजेश मिश्रा ने भी संबोधित किया तथा संचालन प्रमोद शाही ने किया । इस अवसर पर पार्टी के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षप्रभारी, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# चक मार्ग पर हुये अतिक्रमण पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में चला हथौड़ा



ब्यूरो सद्दाम हुसैन देवरिया
देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे भाटपार रानी तहसील क्षेत्र स्थित भाटपार रानी नगर पंचायत के हनुमान गढ़ी वार्ड में जो चक मार्ग है धारा 133/ए के तहत गाटा संख्या 26 है।.0. 12हेक्टेयर की भूमि पर अतिक्रमण था। जो लीलावती देवी पत्नी जोगिंदर राय के द्वारा मौके पर अतिक्रमण पाया गया था। जिसे पूर्व में उपजिलाधिकारी भाटपार रानी रहे संजीव उपाध्याय के आदेश के क्रम में मजिस्ट्रेट हिमांशु सिंह की मौजूदगी में अवैध चक मार्ग अतिक्रमण पर नगर पंचायत के कर्मचारियों के द्वारा हथौड़ा मारकर हटाया गया। इस बीच में ही उस समय अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई थी जब अतिक्रमण कारी के द्वारा ईट पत्थर चलाए गए जिससे अफरा तफरी मच गई पुलिस प्रशासन ने अपना बचाव करते हुए दौडाकर अतिक्रमणकारी को पकड़ा । वहीं वहां पर मौजूद रहे नायब तहसीलदार मजिस्ट्रेट हिमांशु सिंह , राजस्व के कांनगो लेखपाल , नगर पंचायत भाटपार रानी के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह, रणधीर सिंह, नरेंद्र कुशवाहा, पवन राय, राजेश प्रसाद, संदीप मिश्र, अजय आर्य, थाना भाटपार रानी से उप निरीक्षक प्रमोद सिंह, उप निरीक्षक ज्ञान सिंह पटेल, उपनिरीक्षक अजहर अब्बास, उप निरीक्षक अखिलेश कुमार, हेड कांस्टेबल हरिश्चंद्र कनौजिया, कांस्टेबल शील रतन फरीद, राजेंद्र प्रसाद, शास्त्री सिंह पटेल, परविंदर सरोज, विशाल चौहान, अरविंद कुमार यादव, देवेंद्र सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# ओडीएफ प्लस पंचायतों में लगा गंदगी का अम्बार – कीचड़ से निकलना हुआ दूभर

संवाददाता।
सुमेरपुर–हमीरपुर । ओडीएफ प्लस पंचायतों में गंदगी का क्या आलम है। इसका नमूना आपको ग्राम पंचायत विदोखर पुरई में देखने को मिल जाएगा। जहां 1 वर्ष से लोग रास्ते से गुजरने को तरस रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा परिवार घरों में कैद रहने को मजबूर है। विधायक, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य तक ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखीं। लेकिन आश्वासन की घुट्टी के अलावा अभी तक कुछ भी नसीब नहीं हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लाक की ग्राम पंचायत विदोखर पुरई ओडीएफ प्लस में शामिल करके लाखों का बजट जारी किया गया है। लेकिन इस पंचायत में गंदगी का क्या आलम है। इसका नमूना सर्वोदय जूनियर हाईस्कूल से लेकर पूर्व प्रधान चंद्रप्रकाश यादव के दरवाजे तक देखने को मिल जाएगा। कीचड़ से लबालब इस रास्ते में पिछले एक वर्ष से लोग चलने को तरस रहे हैं। पूर्व प्रधान चंद्र प्रकाश यादव, ग्राम पंचायत सदस्य संदीप यादव, सुरेश यादव आदि ने बताया कि वह सदर विधायक, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य के सामने समस्या को रख चुके हैं। सभी ने जल्द रास्ता बनवाने का आश्वासन दिया है। लेकिन अभी तक बनवाया किसी ने नहीं है। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि उक्त रास्ता नमामि गंगे पेयजल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने से खराब हुआ है। ठेकेदार से रास्ता बनवाने के लिए कहा है। जल्द कार्य कराया जाएगा।

# नाली निर्माण के चलते पानी की टंकी ठप

सुमेरपुर–हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र के इंगोहटा में नालियों के निर्माण के चलते पानी की टंकी ठप करा दिए जाने से एक सप्ताह से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे जनता पेयजल संकट से जूझ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह से पानी की टंकी ठप है। पेयजल आपूर्ति न होने से उन्हें दूर दूर लगे हैंडपंपों से पानी ढोना पड़ रहा है। जिससे हैंडपंपों में सुबह से लेकर शाम तक भीड बनी रहती है। एक एक बाल्टी पानी बड़ी मशक्कत से मिल पा रहा है। लोगों ने पानी की टंकी चालू कराकर पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है। वहीं नलकूप आपरेटर बच्चा प्रजापति ने बताया कि गांव के अंदर कई जगह नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। इस वजह से पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। वही इस सम्बंध में जेई से फोन द्वारा संपर्क करने

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने निकाला भारत जोड़ो न्याय यात्रा

ब्यूरो
देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाये जा रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में 26 जनवरी से 30 जनवरी निकाले गए न्याय यात्रा जिले के हर ब्लॉक, शहर के हर वार्ड होते हुए, मंगलवार 30 जनवरी को महात्मा गांधी के पुण्य तिथि पर जिलाध्यक्ष रामजी गिरी व शहर अध्यक्ष आनन्द श्रीवास्तव सोनू के संयुक्त नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल कर नगर पालिका स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उनके प्रतिमा के सामने बैठ कर राम धुन गाकर यात्रा का समापन किया गया ।इसमें मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी मुन्ना, जयदीप त्रिपाठी, पुरुषोत्तम नारायण सिंह, नागेंद्र शुक्ला, विजय शंकर मिश्रा, बद्री दुबे, वरुण राय, सोहेल अंसारी, मधु शर्मा, रीता देवी मिर्जा खुर्शीद, प्रमोद मल्ल, विनोद जायसवाल,डॉ एस के पाठक, विजयशंकर चौधरी, शाकिर हुसैन,




सच्चिदा सिंह राना, समीर पाण्डेय, चुन्नू गिरी, हरिश्चंद्र सिंह, उत्तेज मिश्रा, नौशाद राजा, रामाशीष साहनी, मनोज मणि, दयाशंकर दुबे, शिवशंकर सिंह नीलेश त्रिपाठी, अशोक गोंड, पन्ना लाल पाठक कमलेश मिश्रा आदि कांग्रेसी साथी उपस्थित थे।

# कुष्ठ रोगियों के प्रति भेदभाव करें दूर – डीएम

## 13 फरवरी तक चलाया जाएगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने मंगलवार को सीएमओ सीएमओ कार्यालय परिसर से किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारियों सहित स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूकता अभियान की सफलता के लिए शपथ भी दिलाया। उन्होंने कुष्ठ रोगियों को एडीएल कीट, सेल्फ केयर कीट, एमसीआर चप्पल सहित कम्बल और मिठाई वितरित किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले में आज से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी घर–घर जाकर कुष्ठ रोग के प्रति हो रहे भेदभाव, अंधविश्वास और अज्ञानता को दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग बैक्टेरिया से होने वाली बीमारी है जो उपचार से बिलकुल ठीक हो जाता है ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेश झा ने कहा कि अभियान के संबंध में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों का संवेदीकरण किया गया है । स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के जरिये विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया जाएगा कि जिस प्रकार देश को पोलियो और चेचक जैसी बीमारियों से मुक्ति मिली है, उसी प्रकार कुष्ठ से भी मुक्त करना है । कुष्ठ रोग की दवा सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है । अगर किसी व्यक्ति के त्वचा पर हल्के रंग के दाग धब्बे हैं जो कि सुन्न हैं तो यह कुष्ठ भी हो सकता है । ऐसे लोगों को तत्काल आशा और एएनएम की मदद से स्वास्थ्य केंद्र पर सम्पर्क करना चाहिए । उपचार में देरी होने पर कुष्ठ दिव्यांगता का रूप ले सकता है ।जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि इस अभियान का थीम होगा–भेदभाव का अन्त करें, सम्मान को गले लगाएं ।डॉ चौधरी ने बताया कि कुष्ठ न तो अनुवांशिक रोग है और न ही पिछले जन्म के पाप के कारण होने वाली बीमारी है । यह बैक्टेरिया के कारण होने वाला दीर्घकालिक संक्रामक रोग है । जो कुष्ठ रोगी उपचार नहीं लेते हैं उन्हीं के द्वारा छींकने या खांसने से इसका प्रसार हो सकता है । अगर कोई कुष्ठ रोगी मल्टी ड्रग थेरिपी (एमडीटी) की एक खुराक भी ले लेता है



तो उससे दूसरे व्यक्ति तक संक्रमण का खतरा नहीं होता है । संक्रमण के बाद कुष्ठ रोग के लक्षण दिखने में पांच से सात साल तक का समय लग सकता है । कुष्ठ से प्रभावित उपचाराधीन व्यक्ति के साथ रहने में कोई दिक्कत नहीं है। समय से बीमारी की पहचान कर सम्पूर्ण इलाज छह माह (पीबी कुष्ठ रोग) से एक वर्ष (एमबी कुष्ठ रोग) के समयावधि में संभव है । कुष्ठ रोग के कारण होने वाली विकृतियों की भी समय से पहचान कर ऑपरेशन और अन्य सहायक उपकरणों से ठीक किया जा सकता है ।कार्यक्रम में डीपीओ कृष्णकांत राय, एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ कार्तिकेय पाण्डेय, डॉ आरपी यादव, जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ इरशाद आलम, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। 175 रोगी उपचाराधीन जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा0 इरशाद आलम ने बताया कि जिले में इस समय 175 कुष्ठ रोगी इस समय उपचाराधीन हैं।
विकृति वाले कुष्ठ रोगियों को फिजियोथेरेपी का भी अभ्यास कराया जाता है । नये कुष्ठ रोगियों के आसपास के दस घरों में बचाव की दवा खिलाई जाएगी । जो तीन नये बाल कुष्ठ रोगी मिले हैं उनके पूरे गांव में कांटैक्ट ट्रेसिंग होगी और आसपास के दस घरों में बचाव की दवा खिलाई जाएगी।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।